A pending amount of Rs.1728 crore to AP State Civil Supplies Corporation is also due. Early release of pending amount will help to clear pending payments to farmers under Minimum Support Price. The amount will be transferred to the accounts of the farmers; that is, what the aim of the Central Government right now is.

(1810/SAN/MK)

Finally, under the 14th Finance Commission, a total grant of ₹ 3,635 crore for five years was allocated to urban local bodies. An amount of ₹ 581 crore are still pending from the Government of India. The State Government has provided all the utilisation certificates and everything. I hope, the hon. Minister will take all this in right spirit and try to release it as soon as possible so that the aim of the Central Government will match the aim of the State Government in transferring the amount to the needy people.

Sir, we once again support this Bill. Thank you very much.

(ends)

1811 बजे

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): सभापति महोदय, आपने मुझे कराधान और अन्य विधि (कतिपय उपबंधों का शिथिलीकरण और संशोधन) विधेयक 2020 पर बोलने के लिए मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मैं इस विधयेक के समर्थन में बोलना चाहता हूं। कोविड-19 महामारी और पूरे देश में लॉकडाउन के परिणामस्वरूप करदाताओं को सभी क्षेत्रों में वैधानिक और विनियामक अनुपालनों को पूरा करने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करदाताओं के बोझ को कम करने के लिए सरकार ने 24 मार्च, 2020 को कोविड महामारी के कारण सभी क्षेत्रों में वैधानिक और विनियामक अनुपालन के संबंध में कुछ राहत उपायों की घोषणा की और घोषणाओं को लागू करने के लिए यह अध्यादेश प्रस्तावित किया गया।

इसमें आयकर अधिनियम, 1961, कुछ वित्तीय अधिनियम, केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 और बेनामी लेन-देन (निषेध) अधिनियम, 1988 शामिल हैं।

आधार को पैन कार्ड के साथ जोड़ने की 30 जून, 2020 की तारीख को 31 मार्च तक, 2021 तक कर दिया गया। आयकर अधिनियम 80 (घ) के लिए विभिन्न भुगतान की तारीख को 30 जून, 2020 से 31 जुलाई तक इस ऑर्डिनेंस में बढ़ाया गया है। विभिन्न प्रत्यक्ष करों और बेनामी कानून के अंतर्गत प्राधिकरणों द्वारा आदेश पारित करने या नोटिस जारी करने की तारीख को 30 जून, 2020 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2021 तक कर दिया गया।

'विवाद से विश्वास' योजना के अंतर्गत भी तारीख को बढ़ाकर 30 जून, 2020 तक कर दिया गया था। इसलिए, योजना के तहत घोषणा और भुगतान 30 जून तक किया जा सकता था और अतिरिक्त भुगतान के बिना की तारीख को 31 दिसम्बर, 2020 तक बढ़ाया गया है। मार्च, अप्रैल और मई, 2020 में देय उत्पाद शुल्क रिटर्न प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून, 2020 और आगे 31 दिसम्बर, 2020 तक कर दिया गया है।

अध्यादेश में पीएम केयर्स फंड को प्रधान मंत्री राहत कोष के समान बनाकर उपचार प्रदान करने के लिए आयकर अधिनियम के उपबंधों में संशोधन किया गया। इसलिए, पीएम केयर्स फंड को इसमें शामिल किया गया है।

दान आयकर अधिनियम की धारा 80-जी के तहत 100 प्रतिशत कटौती का पात्र होगा। इसके अलावा सकल आय के 10 प्रतिशत की कटौती की सीमा भी पीएम केयर्स फंड में किए गए दान के लिए लागू होगी। टीडीएस एवं टीसीएस कटौती का ब्यौरा और प्रमाण-पत्र 2019-20 की आय रिटर्न तैयार करने में जरूरी दस्तावेज होंगे। इसके अलावा विभिन्न प्रत्यक्ष और बेनामी कानून के तहत विभिन्न अनुपालनों के संबंध में प्राधिकरण की ओर से आदेश पारित करने और नोटिस जारी करने की समय-सीमा को 31 दिसम्बर, 2020 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2021 कर दिया गया है।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने जनता की कोरोना संक्रमण के संकट के मद्देनजर आयकर जमा करने, जीएसटी के अनुपालन, पैन को आधार से लिंक करने और अन्य सांविधिक प्रावधानों को पूरा करने की समय-सीमा बढ़ाने की घोषणा की है।

अंत में, मैं अपने दल की ओर से इस जन कल्याणकारी विधेयक का समर्थन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। (इति)

(1815/YSH/RBN)

1815 बजे

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान सीधे तौर पर आकृष्ट करना चाहूँगी कि वित्तीय प्रबंधन के मामले के चलते सरकार ने आम जनता से अच्छे दिन लाने का वादा किया था, लेकिन वह अच्छे दिन सिर्फ अपने लिए और साथ ही साथ अपने कॉर्पोरेट घराने के दोस्तों के लिए लेकर आई है। इसी कड़ी में मैं आगे बताना चाहूंगी कि पूर्व में भी एक अध्यादेश लाकर सरकार ने कॉर्पोरेट घरानों की चिन्ता करते हुए उनकी 30 प्रतिशत की टैक्स दर को घटा कर 22 प्रतिशत किया था और फिर उसे घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। उसके बावजूद सरकार ने देश के गरीब, मजदूर और किसानों के हित के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाएँ। न तो किसानों की कर्ज माफी हुई है और न ही उनके खेतों में लगने वाले इनपुट्स के ऊपर सब्सिडी को बढ़ाया गया है।

सभापति महोदय, मेरी सरकार से मांग है कि जो इंकम टैक्स लिमिट 5 लाख से कुछ शर्तों के साथ 7.5 लाख तक कर दी गई थी, उस स्लैब को बढ़ाकर 10 लाख तक किया जाए, जिससे आम आदमी को बढ़ी हुई महंगाई झेलने में कुछ सुविधा मिल सके। महोदय, सरकार द्वारा सदन में 1 फरवरी, 2020 को केन्द्रीय बजट पेश करते समय प्रत्यक्ष करों से जुड़े मुकदमों को निपटाने के लिए "विवाद से विश्वास योजना, 2020" शुरू की गई, जिसके अन्तर्गत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का भुगतान करना होगा। इस रकम में किसी तरह का ब्याज, जुर्माना या दण्ड आदि नहीं चुकाना होगा। इससे देश के अनेक न्यायाधिकरणों में लंबित मामलों के समाधान मिलेंगे और सरकार को लाखों-करोड़ों रुपये की मदद भी मिलेगी। सरकार के पास पैसा आएगा तो अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। इस योजना के तहत करदाताओं को मुकदमे की कष्टदायक प्रक्रिया से भी राहत मिलेगी और करदाता और प्रशासन के बीच भरोसा बढ़ेगा। यह सरकार का एक सराहनीय कदम है, लेकिन टीडीएस में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 276बी के अन्तर्गत करदाता पर जुर्माना तथा जेल भेजने का प्रावधान है। इसमें करदाता द्वारा टैक्स, ब्याज आदि जमा कराने के बाद भी सिर्फ इसलिए मुकदमा चलाया जाता है, क्योंकि उसके द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर पैसा जमा नहीं कराया गया था इसलिए उससे संबंधित या उसके जैसे ही माननीय सुप्रीम कोर्ट में दो केस चल रहे हैं। पहला है, आई.ए. नम्बर 49138/2020 और दूसरा है, डब्ल्यूपी(सी) नम्बर 940/2017। इन दोनों केसों में पहला नोएडा अथॉरिटी व ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी उत्तर प्रदेश सरकार उपक्रम, जिसमें प्लॉट बायर्स पर 11 प्रतिशत ब्याज प्लस तीन प्रतिशत को मिलाकर 14 प्रतिशत का ब्याज जो तिमाही में कैपिटेलाइज्ड होता था, जो करीब 4 साल में 40 प्रतिशत के आस-पास था, उसको माननीय सुप्रीम कोर्ट ने फ्लैट 8.5 प्रतिशत तक कर दिया, जो पूरे देश के बैंकों के 6 माह के मोरेटोरियम पीरियड के ब्याज माफी के बारे में है, जिससे भारत सरकार बचने की कोशिश कर रही है। उस केस में भारत सरकार ने सभी लोन होल्डर्स के लिए अच्छी पैकेज डील लाने को कहा है, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): Madam, please wind up.

SHRIMATI SANGEETA AZAD (LALGANJ): I am concluding within a minute. मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि "विवाद से विश्वास अधिनियम, 2020" के तहत जब सरकार ने टैक्सों पर लगने वाले ब्याज या पेनल्टी या दण्ड हटाए हैं, ठीक उसी तरह से टीडीएस की कुल रकम और ब्याज पर जो अलग-अलग पेनल्टी लगती है या जेल भेजने का जो प्रावधान है, उससे भी मुक्त किया जाए।

सभापति महोदय, भारत के पास पहले ही पीएमएनआरएफ फंड के नाम पर सरकारी राहत कोष मौजूद है। महोदय, यह पूरा देश प्रधान मंत्री जी का है और देश का पूरा पैसा भी प्रधान मंत्री जी का है तो पीएम केयर फंड का गठन क्यों किया गया? इस फंड में कितना धन जमा हुआ और किन-किन उद्देश्यों की पूर्ति हुई, उसका कोई ब्यौरा आम जनमानस के पास नहीं है और न ही कोई इस पर सवाल उठा सकता है। कहीं ऐसा तो नहीं कि इस महामारी के दौरान कुछ राजनीतिक पार्टियाँ अपने हित में कार्य करने के काम में लगी हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माँग करती हूँ कि सरकार देश हित, किसान हित और व्यापार हित में तुरन्त कार्रवाई करे, जिससे कोरोना महामारी के समय में लड़खड़ाती हुई अर्थव्यवस्था को तुरन्त संभाला जा सके।

(इति)

1819 hours

SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity.

HON. CHAIRPERSON: Please be very brief.

SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM): Yes, I will be very brief.

HON. CHAIRPERSON: You spoke on the same subject yesterday.

SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM): Yes.

(1820/RPS/SM)

कल हमने मोस्ट ऑफ दि प्वाइंट्स पर बात की, लेकिन मैं उनको एक दफा और रिपीट करना चाहता हूं। कोविड के टाइम में जिस तरह से टैक्सेस में रिलैक्सेशन दिया है, उसमें फाइनेंस मिनिस्टर ने काफी डिटेल में जाकर काम किया है, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं।

दूसरा, कोविड के टाइम में हम लोगों ने जिस तरह प्राब्लम्स को फेस किया है, कल जीएसटी पर काफी डिटेल में डिसकस किया है, उतने डिटेल में मैं डिसकस नहीं करूंगा, लेकिन मैं एक बार फिर ऑनरेबल फाइनेंस मिनिस्टर से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि स्टेट्स की जीएसटी के बारे में सोचें। मेनली, तेलंगाना के पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये जीएसटी और जीएसटी-आईजीएसटी, टोटल मिलाकर नौ हजार करोड़ रुपये देने हैं, इसके बारे में आप थोड़ा देख लें। इसी के साथ-साथ, फाइलिंग वगैरह के लिए जो टाइम एक्सटेंड किया गया है, वह बहुत अच्छा तरह से हुआ है, मगर इसमें जिस तरह कोविड का इफेक्ट सभी लोगों के ऊपर पड़ा है। इसमें प्राइवेट कॉलेजेज और प्राइवेट स्कूल्स के टीचर्स, प्राइवेट कंपनीज के इम्प्लायर्स आदि सभी लोगों पर कोविड का इफेक्ट पड़ने की वजह से, उनकी सैलरीज पर भी असर पड़ा है। उनमें से कुछ लोगों ने व्हीकल लोन ले लिया है, कुछ लोगों ने घर का लोन ले लिया है। इन लोन्स के ऊपर मिनिमम सिक्स मंथ्स का इंट्रेस्ट फ्री मॉरेटोरियम देना चाहिए, उसे एक्सटेंड करना चाहिए। एजुकेशन में मेजॉरिटी प्राइवेट लोगों की है, मेजॉरिटी ऑफ दि कंपनीज प्राइवेट कंपनीज हैं, उनकी सैलरीज में भी कुछ डिडक्शन्स किए गए हैं। इसलिए उनके इम्प्लायमेंट को प्रोटेक्ट करने के लिए टैक्सेस में उन लोगों को भी थोड़ा रिलीफ दें।

इसी तरह से, मेरी फाइनल रिक्वेस्ट है कि इसमें पीएमकेयर्स फंड के लिए जिस तरह से प्रॉविजन किया गया है, उसी तरह से सीएमकेयर्स फंड के लिए भी प्रॉविजन करना चाहिए, ताकि जो भी स्टेट में कंट्रीब्यूशन देना चाहता है, अगर कोई स्टेट के लोगों के लिए कुछ कंट्रीब्यूट करना चाहता है, वह कर सकेगा। पीएमकेयर्स फंड के लिए जो प्रॉविजन रहेगा, उसी तरह से हर स्टेट में सीएमकेयर्स फंड के लिए भी प्रॉविजन होना चाहिए। अभी अगर देखें तो सभी स्टेट गवर्नमेंट्स ने उसे डायरेक्ट फेस किया। अभी कोविड का फ्रण्टरनर, आगे रहकर सभी स्टेट्स ने लोगों को प्रोटेक्ट किया है। इसलिए सीएमकेयर्स को भी इसमें लगाकर देने के लिए एक्सेप्ट करना चाहिए। जो भी पैसा उधर देना है, जिस तरह से कंपनी का सीएसआर फण्ड है या अन्य फण्ड है, जिस तरह से आपने सेक्शन 80सी में टैक्स रिबेट दिया है, उसी तरह से सीएमकेयर्स को भी देना चाहिए।

इसी बात के साथ, आपने मुझे बोलने के लिए टाइम दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

(इति)

1823 hours

ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA): Sir, the provisions in the Taxation and Other Laws (Relaxation and Amendment of Certain Provisions) Bill, 2020, be it for extension of various time limits, reduction of interest, waiver of penalty, and prosecution for delay in payment of taxes or levels, truly reflect the need of the hour.

In fact, I would request the Government to extend the time limit now proposed under several provisions further till the end of the financial year 2020-21. But, what percentage of the population pay income tax in this country? Just 1.46 crore people. That is, just about one per cent of the total population.

I am forced to ask the Government: why are they not showing the same interest for the vast majority of the 99 per cent people of this country, who are more severely affected by this pandemic? The Government may say that they have given free ration for all eligible families for six months. So far so good.

But newspaper reports suggest that hunger deaths are still happening across India, as several deserving families are out of the PDS system without a ration card. Is it possible to live with only rice or roti without cereals, vegetables, oil and other essential commodities, medicines, clothes etc.? From where will people get all these items without money? If the proposal of my party, CPI(M), for directly crediting Rs.7,500 for all households outside the Income Tax bracket for six months had partially been accepted, poor people of this country would have got at least one full meal a day. I request the Government to heed this genuine demand at least now.

The story does not end here, Sir. The Government had announced a moratorium on the loans taken from the banks with much fanfare and common people believed that they will get a breather during COVID-19. But this Government betrayed the people of this country by refusing to waive the interest on loans even after the hon. Supreme Court empathising with the loanees.

(1825/AK/IND)

The Government says that it will affect the financial health of the banks. Was this Government sleeping during the last five years when 38 wilful defaulters including Vijay Mallya and Neerav Modi fled this country appropriating millions of dollars? If this Government has at least scant regard for the ordinary people of the country, then I would request it to show courage to stand firm and direct the Reserve Bank to waive the interest during the moratorium period.

Now, let me come to the PM CARES Fund. I do not have a better expression to qualify this Fund, which is nothing but PM Citizen Annoyance and Ridicule in Exploitative Situations Fund. This is like a black hole, which attracts everything into it but nothing comes out of it. It is not a joke! This Government denied the Kerala Government to receive foreign aid for rehabilitation after the 2018 floods. …(Interruptions)

I believe that to escape answering the issue of PM CARES the hon. Finance Minister played a drama by entrusting the job to the MoS who deliberately diverted the entire discussion creating furore in the House yesterday. What about the PM CARES Fund? No one knows the complete composition of the Trust. No one knows how much money has come as contribution till date. No one knows who has contributed to it. No one knows what the Government is going to do with the funds available in it. In Malayalam there is a very famous film called *Vasanthiyum, Lakshmiyum pinne Njanum*, which means comprised of me, my brother and my sister all of whom are not responsible to anyone outside. Similarly, this Trust is an embodiment of opaqueness and high-handedness of this Government. This Government acts like it has something to hide from the people of the country in this regard.

Lastly, I would like to read a conclusive portion of the hon. CM's letter written to the PM. I quote : "I request you to intervene to correct this inequity, which is, in principle, against the principles underlying cooperative federalism and in practice adds to the fiscal stress of the States. Necessary changes may be brought in to include contributions to the Chief Ministers' Distress Relief Funds also eligible as expenditure under Corporate Social Responsibility.". I conclude my speech. Thank you.

(ends)

1828 hours

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): Thank you, hon. Chairman, Sir, for giving me the opportunity to speak on the Taxation and Other Laws (Relaxation and Amendment of Certain Provisions) Bill.

Sir, this is one more Bill, which the Government has brought as Ordinance during COVID-19 period with an objective to give some relaxations for submission, easing some compliances, extension of time limits under CGST, and exemption of donations made under PM CARES Fund. Under Vivad-se-Vishwas Act, hon. Finance Minister also proposed to extend the date for payment without any additional amount till 31st December, 2020. These are all welcome measures. Hence, I, on behalf of my Party, support this Bill and justify the Ordinance brought by the Government.

Sir, with your permission, I wish to make a few observations on some of the provisions of the Bill and wish to make a few suggestions for consideration of the hon. Finance Minister. The real estate sector has got the biggest drubbing due to this pandemic. It is the second largest provider of employment after agriculture and also contributes more than 10 per cent to the GDP. There is no doubt that the Government of India has taken some measures, but the main demand of the real estate sector is to give industry or infrastructure status. Secondly, GST is not giving them input tax credit. As a result of this the burden is falling on the home buyers. Will the hon. Finance Minister restore input tax credit and give industry or infrastructure status to the real estate sector?

What are the reasons that despite accommodative monetary policy stand of the Government of India, banks, instead of lending, are parking their reserves with the RBI? If that is so, what is the point of having such a monetary policy and how would RBI discourage and dis-incentivize banks to park their reserves with the RBI? Can we have a zero per cent Reverse Repo Rate, which forces banks to lend to kickstart the economic cycle? This is an issue, which the hon. Finance Minister should answer.

I would also like to mention the point regarding PM CARES where I certainly believe there should be more transparency in use of PM CARES Fund created to deal with the pandemic. The Army, Navy, Air Force, Defence PSUs and employees of the Defence Ministry have collectively donated Rs. 500 crore. When donations are made from taxpayers' funds by Government bodies, then

public has the right to know where it is going. This is where the problem lies. It is lack of transparency.

The Central Government has stated that CAG will not audit the Fund. Rather, it will be audited by independent auditors whereas I believe that PM CARES Fund has been created with a just cause to deal with the pandemic. So, it should not be dealt with this kind of controversy.

(1830/SPR/RAJ)

If the Central Government has nothing to hide regarding this, let the CAG audit this and make it more transparent.

Regarding GST for the States, I do not want to argue with the point *force majeure* which is constantly used to explain this kind of situation. Any kind of agreement, whatever be the nature of the business or nature of the parties, this clause is already there but what kind of chain reaction will the Central Government create if it is saying to the States that because of this *force majeure* clause, we can't pay you CGST whereas it is their responsibility? So, with a big heart, in this kind of difficult time, the Central Government should come forward and create an example. If the companies come tomorrow and say to the farmers that because of the *force majeure* clause, we can't pay you, it can lead to a very bad chain reaction in the country also, which we might not be able to stop. That is why the Central Government should rethink the GST revenues which they have to give to the States, especially with the Andhra Pradesh Government, which is going under a real financial crisis; it is necessary for the Central Government to interfere and give sufficient funds so that we can get back on track.

(ends)

1831 hours

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Sir, I welcome the Taxation and Other Laws (Relaxation of Certain Provisions) Bill, 2020 on behalf of my party, AIADMK. I am confident that under the stewardship of our Prime Minister, the PM CARES Fund will be utilised for the best benefit of our citizens. In this context, I want to make some requests to the hon. Finance Minister, through you. As already requested by many State Governments, including the Government of Tamil Nadu, the Chief Minister's Public Relief Fund should also be made eligible for receiving donations which are eligible for CSR funds on a par with PM CARES Fund.

States are already receiving funds from the PM CARES Fund for COVID-19 for relief activities including the supply of ventilators and for financing relief for migrants. We welcome this. On the expenditure already incurred by States before July, I would request that the migrants should be made eligible for reimbursement under the PM CARES Fund.

One of the most significant expenditures being incurred by the States for controlling COVID-19 is the cost of testing, especially RTPCR testing, which is of the gold standard. The number of active cases in Tamil Nadu has declined since July 2020 consistently mainly because the State uses only RTPCR testing protocol exclusively. Currently, more than 80,000 tests are performed per day at a cost of nearly Rs.4 crore per day. Hence, I would like to request that at least 50 per cent of the cost of testing should be covered under the PM CARES Fund as it is the most effective strategy to control the spread of COVID-19 virus.

Finally, the Central Government should do more to support such initiatives by States and nurture them instead of using the National Infrastructure Investment Fund as a competitor which takes over both possible investors and investment opportunities. There is space for all these funds to thrive and the efforts of the States should be supported and encouraged.

With these words, I support the Bill.

(ends)

1833 बजे

श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती): सभापति महोदय, आज किसानों को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म, आरसीएम के अंतर्गत रॉ कॉटन खरीदने पर जीएसटी भरना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर उनको 10 करोड़ रुपये की कॉटन खरीदने पर 25 लाख रुपये सीजीएसटी एवं 25 लाख रुपये एसजीएसटी, कुल 50 लाख रुपये भरना पड़ता है। कपास के कॉटन बॉल्स बनाने के बाद अगर पांच करोड़ रुपये का माल दूसरे राज्यों में बेचने पर आईजीएसटी 25 लाख रुपये भरना पड़ता है और सीजीएसटी क्रेडिट से ऑफसेट हो जाता है। ऐसे में हमारे पास 25 लाख रुपये का क्रेडिट जीएसटी के खाते में जमा रह जाता है। अगर बचे हुए पांच करोड़ रुपये की सेल अपने ही राज्य में करते हैं, तो भी साढ़े बारह लाख रुपये सीजीएसटी और साढ़े बारह लाख रुपये एसजीएसटी उनको भरना पड़ता है। ऐसे में सरकार के पास 25 लाख रुपये जमा होने के बावजूद उनको अलग से भरना पड़ता है। ऐसे में बहुत बड़ी पूंजी ब्लॉक हो जाती है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से विनती करती हूं कि एक बड़ी रकम ब्लॉक होने से इसका बड़ा असर कृषि उत्पादन की खरीद पर पड़ता है। कॉटन पर लगने वाले आरसीएम को हटाया जाए और केवल बिक्री पर ही टैक्स लगाया जाए। कम्पोजिशन डीलर को भी जूने रिटर्न में लेट फीस की माफी मिले और अन्य व्यापारियों को भी पेंडिंग रिटर्न्स में लेट फी की माफी दी जाए।

(1835/SKS/UB)

कम्पोजिशन डीलर को वर्ष 2017, 2018 तथा 2019 के जीएसटीआर 4 के रिटर्न के लिए भी लेट फी माफ की जाए। कम्पोजिशन डीलर जिनके डेढ़ करोड़ से कम के टर्न ओवर में ऐसे छोटे व्यापारियों का समावेश है, उन्हें 10,000 रुपये लेट फी लगाई जाती है, जिसमें डेढ़ करोड़ रुपये से ऊपर के व्यापारियों को सिर्फ 500 रुपये लेट फी लगाई जाती है।

अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं मंत्री महोदय से विनती करती हूं कि बड़े व्यापारियों के साथ ही छोटे व्यापरियों को भी इसमें काउंट किया जाए, जिन्हें 10,000 नहीं, बल्कि 500 रुपये लेट फी लगाई जाए। कोविड-19 महामारी से पूरा देश रुक गया है।

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): Please conclude.

श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती): महोदय, बस एक मिनट। इससे छोटे व्यापार के साथ ही बड़े व्यापार तथा उद्योग रुक गए हैं। इस महामारी के कारण जून तक देश में कोविड के चलते जीएसटी में छूट दी गई है। फाइनेंस मिनिस्टर को, जिन्होंने जून तक छूट दी है, उसे एक साल तक और बढाया जाए, जिससे छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी और वे अपने व्यापार को बंद होने से रोक पाएंगे। इससे बेरोजगारी में कमी होगी। इस महामारी में पीएम केयर्स फंड के माध्यम से जिसके विरोध में विपक्ष दल जो भी बोल रहे हैं कि पीएम केयर्स फंड के माध्यम से सरकार ने ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, एम्बुलेंस आदि हर मेडिकल फैसिलिटी राज्यों को दी है and I appreciate जब लोग मर रहे हैं, जब लोगों को बेड नहीं मिल रहा था, वेंटिलेटर्स नहीं मिल रहे थे, महाराष्ट्र में ऑक्सीजन नहीं मिल रहा

है still the people in Vidarbha and Maharashtra are dying because of non-availability of oxygen…(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती): महोदय, बस एक मिनट में मैं अपनी बात समाप्त करती हूं। पीएम केयर्स फंड के माध्यम से महाराष्ट्र को यह सारी फैसिलिटीज़ पहले ही सबसे अच्छी दी गई थीं, फिर से और मजबूती से दी जाए, क्योंकि इसी के कारण हम अपने महाराष्ट्र की जनता को जिन्हें बेड और ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं है, उन्हें यह प्रोवाइड करके, हम उनकी जान को बचा सकें। I definitely support this PMCARES Fund and this Bill. I thank you so much for bringing this Bill to support the common person.

(ends)

1837 hours

SHRI THOMAS CHAZHIKADAN (KOTTAYAM): Sir, I oppose the Bill. The accountability of the Government towards the people cannot be compromised even at the time of health emergency or pandemic.

Through this Bill, the Government is amending the Income Tax Act to provide the same tax treatment to PMCARES Fund as available to Prime Minister National Relief Fund. Here the issues are manifold and the Government is not willing to answer any of the issues.

Sir, what was the need for a new fund as we already have an established PMNRF especially when the mode of utilisation of this Fund is not known at all.

Why is the Prime Minister's Office refusing to divulge any information about the PMCARES Fund's utilisation? I think the reason is that it is not a public authority under the RTI Act.

Whether the Fund is public or private, no information has been made public as the Trust Deed is not available to the public.

If the PMCARES Fund does not have any Trust Deed, it should be classified as 'Artificial Juridical Person' under the provisions of the Income Tax Act, and the statutory audit by outside agency as well as C&AG audit along with the filing of return of income and statement of accounts are mandatory. It should be brought under the purview of the Right to Information Act. All statutory provisions should be applicable as that of other Government agencies.

Sir, on 28th March, the Ministry of Corporate Affairs issued a circular saying that the donations made to PMCARES will qualify for CSR obligations. (1840/KMR/VB)

Here, a possibility is that the Ministry may have used its power to facilitate big corporate houses to use their unused CSR funds through the PM-CARES Fund. The downside of this is that non-profit organisations working at the grassroots level may not get funds this year.

Sir, the issue of whether the PM-CARES Fund qualifies as a public authority under the RTI Act is immaterial. If any files related to the PM-CARES Fund are held by the PMO or are under the control of the PMO, which is a public authority, it is duty bound to furnish the information asked as per the provisions of the RTI Act.

Sir, I further request the Finance Minister to kindly amend the relevant provisions of Section 36(1)(va) and 43B(b) of the Income Tax Act by allowing the remittance of PF/ESI employee's contribution as a deduction, if the same was paid before the due date for filing return of income.

Lastly, the State of Kerala has not so far received any substantial help from the PM-CARES Fund or from the Central Government during the COVID-19 pandemic period. Also, the suspension of MPLAD Fund has destroyed the idea of improving governance at the micro level.

Thank you.

(ends)

1842 बजे

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर): माननीय सभापति जी, टैक्सेसन एंड अदर लॉज की चर्चा में लगभग सभी दलों के सदस्यों ने अपनी बातें रखी हैं। अपनी बातें रखते समय उन्होंने काफी चर्चा पीएम केयर्स फण्ड पर भी कीं।

1842 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

माननीय वित्त मंत्री जी के निर्देश पर कुछ समय में मैं अपनी बात रखूँगा ताकि जिन माननीय सदस्यों की कुछ शंकाएँ हैं, उनको मैं अवश्य दूर कर पाऊँ। उसकी स्थापना, पारदर्शिता, 100 परसेंट एग्जेम्पशन की बात, मिसयूज़ यानी धन का दुरुपयोग न हो, खर्चों के ब्यौरे या सरकारी खजाने की बातें यहाँ पर आईं और इसके डायवर्ज़न की बातें भी आईं। आखिरकार यहाँ के सदस्यों के मन में यह बात आई क्यों? क्या पूर्व में कुछ ऐसा घटा, जिसके कारण इनके मन में कुछ शंकाएँ हैं। मैं सभी माननीय सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि जितने कानूनी रूप से इस ट्रस्ट का गठन हुआ है, जो इस देश का कानून है, उसके अनुसार इसका गठन हुआ है और पूरी पारदर्शिता के साथ अगर किसी पर काम किया जा रहा है, तो वह पीएम केयर्स फण्ड के माध्यम से किया जा रहा है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, इसका रजिस्ट्रेशन कैसे हुआ? 1908 का जो कानून है, उसके अंतर्गत यह ट्रस्ट रजिस्टर हुआ। यह क्यों हुआ? यह इसलिए हुआ क्योंकि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण दुनिया भर में करोड़ों लोग इससे प्रभावित हुए हैं। इस सदन के सदस्य, राज्य सभा के सदस्य, देश के लाखों लोग इससे प्रभावित हुए हैं। उस समय में यह सोचा गया कि इस आपातकालीन और संकट की स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उद्देश्य के साथ एक समर्पित निधि की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए और इससे प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए पीएम केयर्स ट्रस्ट का गठन किया गया ताकि देश की चिन्ता करने वाले चाहे वे नेता, अभिनेता, अमीर, गरीब, कामकाजी, नौकरी-पेशा वर्ग के लोग, उद्यमी या किसी संस्थान के लोग हों, अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार वे जितना चाहें, उसमें दान कर सकते हैं। किसी को इसके लिए मजबूर नहीं किया गया। केवल प्रधानमंत्री जी के हाथ मजबूत करने के लिए ताकि वे अच्छी तरह से देश की सेवा कर सकें, उसके लिए प्रयास किया गया।

अब तक इसमें किन लोगों ने दान दिए हैं, मैं इस बात की खुशी प्रकट करता हूँ और माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करता हूँ कि जो इनिशियल कॉर्पस है, वह सवा दो लाख रुपए किसी ने दिए, तो माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपनी ईमानदारी की कमाई से दी है।

(1845/PC/SNT)

उनकी माता जी ने इसमें अपनी ओर से दान दिया है, पूर्व सीजीआई रंजन गोगोई जी की माता जी ने भी इसमें अपनी ओर से दान दिया है। इसके अलावा 3,100 रुपये वाराणसी के दिव्यांग और कुष्ठ रोगियों ने भीख से इकट्ठे कर के दिए हैं। सर, भिखारी काली देवी तक ने पांच हज़ार रुपये इसके लिए दान दिए हैं। उत्तराखंड के चमोली जिले के गौचर से 60 साल की देवकी भंडारी जी ने दस लाख रुपये पीएम केयर फंड में दिए हैं।

सर, यही नहीं, उत्तर प्रदेश के चंदौली के ताजपुर की दिव्यांग बेटी प्रियंका ने भी अपना पेंशन का सारा पैसा दे दिया। मेरठ के रिटायर्ड आर्मीमैन मोहिंदर सिंह जी ने अपनी पेंशन के 15,11,000 इसके लिए दे दिए। मैं बहुत नाम पढ़ सकता हूं, खिलाड़ियों से लेकर जो बड़े इन्डस्ट्रियलिस्ट्स हैं, सबने इसमें पैसा दिया है। मैं एक ही शब्द में इन सबके प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं, कोरोना से हमारी लड़ाई में इन सबने अपना योगदान दिया है।

सर, अब इसके गठन का प्रश्न आता है। जैसा कि मैंने कहा, वर्ष 1908 के रजिस्ट्रेशन एक्ट के अनुसार 27 मार्च, 2020 को नई दिल्ली में इसका गठन हुआ और जिस उद्देश्य के साथ हुआ, मैंने उसकी भी बात कही थी। इसके ऑडिट को लेकर चर्चा की गई। इसमें एसएआरसी एंड एसोसिएट इन्डिपेंडेंट ऑडिटर है, जो प्रधान मंत्री नैशनल रिलीफ फंड का ऑडिट करता है, वही ऑडिट यहां पर भी करता है। मैं आपसे एक और बात कह दूं। आपको इसमें कितने भी प्रश्न पूछने हों, पीएम केयर्स की जो वेबसाइट है, उस पर 'एफएक्यूज़' और 'अबाउट' में अधिकतर प्रश्नों के, या मैं कहूं कि आपके सारे प्रश्नों के उत्तर वहीं पर हैं। मुझे लगता है कि कोई उसे देखकर नहीं आया, इसलिए शायद मन में शंकाएं भी होंगी, जिन्हें मैं ज़रूर दूर करना चाहूंगा।

सर, लोगों को लगा कि यहां से पैसा कहीं और न चला जाए, इसके सदस्य कौन होंगे। मैं देश की जनता को भी इस संसद के माध्यम से और आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि इसके सदस्य हैं माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय रक्षा मंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी और माननीय गृह मंत्री जी। ये सारे एक्स-ऑफिशियो मेंबर्स हैं। आज मोदी जी प्रधान मंत्री हैं, माननीय निर्मला जी हमारी वित्त मंत्री हैं, अमित शाह जी गृह मंत्री हैं, राजनाथ जी रक्षा मंत्री हैं तो आज वे इसके सदस्य हैं। आज से नौ-दस साल बाद अगर इनकी जगह कोई और होगा तो वह भी इसका सदस्य होगा। यह किसी व्यक्ति के नाम से नहीं है। इनके मन में शंका है, क्योंकि व्यक्तियों को इसमें रखा जाता था, आज उन व्यक्तियों के लिए, किसी संस्था के लिए, किसी पॉलिटिकल पार्टी के लिए इसमें स्थान नहीं है। इसमें डिसीज़न मेकर्स कौन होंगे? इसमें बड़े स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि कमेटी बैठेगी और इस पर निर्णय करेगी कि इसका पैसा कहां-कहां खर्च होगा। इसके ट्रस्टीज़ के साथ जो बाकी नॉमिनेटेड मेंबर्स हैं, वे अलग-अलग फील्ड से हो सकते हैं, जैसे साइंस, लॉ, हैल्थ, पब्लिक वर्क्स, किसी से भी हो सकते हैं। इस तरह के बड़े नामी-गिरामी लोगों को भी इसमें रखने का अवसर दिया गया है।

सर, यह कोई पहला ऐसा ट्रस्ट नहीं है, जिसको पहली बार कोई टैक्स डिडक्शन दी गई हो। इससे पहले भी बहुत सारे ट्रस्ट्स को टैक्स डिडक्शन दी गई है। यही नहीं, इसमें एफसीआरए की भी अनुमति ली गई, ताकि कोई विदेशों से पैसा देना चाहे तो दे सके। मैं आपको पढ़कर बता दूं, फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट, 2010 का जो सेक्शन-50 है, वह स्पष्ट तौर पर कहता है कि किसी पॉलिटिकल पार्टी के अलावा आप किसी भी संस्था या एसोसिएशन या ऑर्गेनाइज़ेशन को अपनी ओर से, एफसीआरए यानी उसमें अगर विदेशी पैसा आना हो तो उसकी अनुमति दे सकते हैं और बिलकुल नियमों के अनुसार इसको अनुमति दी गई, ताकि भारत के लोगों को कोविड-19 से लड़ाई लड़ने में कोई कमी न आए, इस मंशा के साथ इस पर काम किया गया।

सर, क्या यह पहला ट्रस्ट है? 49,483 ऐसे रजिस्टर्ड थे, जिनको एफसीआरए में एग्ज़म्पशन मिली थी तो पीएम केयर्स पर क्यों चिंता व्यक्त की जा रही है? मैं आगे कुछ और बातें कहने वाला हूं। मुझे लगता है कि कहीं न कहीं सबके मन में यह भावना आ रही थी कि ऐसा क्यों है? मुझे लगता है कि सबके मन में था कि पीएमएनआरएफ था तो क्यों था? पीएमएनआरएफ फंड क्या है? यह प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड है। यह कब आया? वर्ष 1948 में आया। कैसे आया? उस समय के हमारे प्रधान मंत्री महामहिम पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने एक शाही हुक्म जारी किया कि ट्रस्ट का गठन हो। सर, यह वर्ड ऑफ माउथ था, जैसे मैं यहां कुछ कह दूं और वह हो जाए, उसके बाद उसकी रजिस्ट्रेशन न हो, क्योंकि कानून में या तो विश्वास नहीं था या कानून को कभी मानते नहीं थे।
(1850/SPS/GM)

वर्ष 1948 से लेकर 2020 तक अभी तक उसका रजिस्ट्रेशन नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि पीएम केयर्स फंड तो फिर भी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट है, रजिस्टर्ड है, सेक्शन 12ए में भी रजिस्ट्रेशन करवाया है, 80जी का एग्जेम्प्शन भी लिया है, एफसीआरए का एग्जेम्प्शन लिया है और सीएसआर फंड में उसको अनुमति भी दी गई है। प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड में क्या था? सर, केवल गठन की बात नहीं है, उसके ऑडिट के लिए भी एक कंपनी थी, जो वर्षों तक ऑडिट करती रही। उसका पूरा नाम भी बता देता हूं, वह ठाकुर एंड एसोसिएट्स करके एक कंपनी थी। उनको यह लाभ मिला कि जो वह करते थे और वह कई अन्य के भी ऑडिट करते होंगे तो उनको राज्यपाल भी बनाया गया और कई अन्य पदों से भी नवाजा गया। उसमें क्या-क्या किया जाता था? सर यही नहीं, उसके सदस्य कौन-कौन थे? जो प्रधानमंत्री होंगे, वह उसके सदस्य होंगे, जो डिप्टी प्राइम मिनिस्टर होंगे, वह प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड के सदस्य होंगे, लेकिन उससे भी पहले सदस्य कौन होगा, जो इंडियन नेशनल कांग्रेस का प्रेजिडेंट होगा, वह उसका सदस्य होगा।

सर, मैं प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड में स्पष्ट तौर पर पूछना चाहता हूं और मैं तो केवल अभी नाम गिना रहा हूं, उसमें प्रधानमंत्री होंगे, उसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस के जो भी प्रेजिडेंट होंगे, वह होंगे। …(व्यवधान) अब उनका अध्यक्ष कौन होता है? जब 23 लोग चिट्ठी लिखते हैं, तब भी कौन अध्यक्ष रहता है, मैं उस विषय में नहीं जाना चाहता हूं। वह तो एक परिवार ने पकड़ कर रखा है।

सर, मैं उस पर दूसरी बात कहना चाहता हूं कि वित्त मंत्री उसके सदस्य होंगे, टाटा ट्रस्टी का नॉमिनी एक सदस्य होगा और एक इंडस्ट्री का सदस्य होगा। हमने पीएम केयर्स फंड में स्पष्ट तौर पर कहा है कि पीएम, एफएम, डिफेंस मिनिस्टर, होम मिनिस्टर, एक्स ऑफिशियो ट्रस्टी पीएम केयर्स के होंगे जो व्यक्ति से नहीं जो उस समय उस पद पर आएगा, केवल वही उसका सदस्य हो पाएगा। यह पारदर्शिता हम लोग लेकर आए हैं। हमने ऑडिट करवाया है और हमने उसे बदलने का काम किया। पहले ही दिन से वर्ष 2019-20 का जो हमने खर्चा किया है, उसका पूरा लेखा-जोखा, उसकी ऑडिटेड रिपोर्ट ऑनलाइन अवेलेबल है।

मैं पूछना चाहता हूं कि एक परिवार से जुड़े हुए जितने ट्रस्ट हैं, क्या उनका कोई ऑडिटेड स्टेटमेंट है? क्या जनता को उनकी जानकारी है कि वह कितना खर्चा करते हैं, कहां पर खर्चा करते हैं और किन पर खर्चा करते हैं?…(व्यवधान)

सर, मैंने तो एक परिवार कहा था, लेकिन कांग्रेस वाले एक परिवार वाली बात को फटाफट अपने ऊपर ले लेते हैं। इसका मतलब है कि मुझे नाम लेने की आवश्यकता कहीं नहीं पड़ेगी। यही नहीं, वर्ष 1948 में अगर प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड बना, लेकिन सेक्शन 12ए में भी उसका रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया …(व्यवधान)। अभी तो मैंने शुरुआत की है। मैं इस पर दो लाइनें कहना चाहता हूं:-

"ख्याली पुलाव से इनका रिश्ता है बड़ा पुराना,
गफलत एक उम्र तक थी कि कदमों में है जमाना,
खुदगर्ज झूठ की उम्र होती है बड़ी छोटी,
आपका हर बार पकड़े जाना फिर बहाना बना देना।"

मैं आपको इतना ही कहना चाहता हूं कि पीएम केयर्स फंड में कोई बजटरी सपोर्ट नहीं है, कोई कंसोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया से पैसा नहीं मिलता है। कुछ लोगों ने कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग है तो इस पर एक रुपया नहीं मिलता है।…(व्यवधान) प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड जो है और जैसा मैंने पहले कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत इसका 12ए में रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसका रजिस्ट्रेशन कब हुआ? सर, बगैर ट्रस्ट रजिस्टर हुए इसका रजिस्ट्रेशन हो गया।

(1855/MM/RK)

क्या इन सभी माननीय सदस्यों ने इस पर पहले कभी सवाल खड़ा किया है? वर्ष 1973 में 12ए के तहत रजिस्ट्रेशन करवायी गयी। कितने सालों के बाद, 25 सालों के बाद। 64 वर्ष के बाद वर्ष 2012 में प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फण्ड का इन्होंने पेन कार्ड और पेन नम्बर लिया। दूसरी ओर पीएम केयर्स फण्ड में जितनी भी इस तरह की प्रकियाएं हैं, वह सभी हमने पूरी की हैं और किसी भी कानून को तोड़ा नहीं गया है। हमने सभी कानूनों के अंतर्गत काम करने का काम किया है।

दूसरा, इसका परिचालन है। मोदी जी वैसे ही पारदर्शिता और सुशासन में बहुत विश्वास रखते हैं और उतनी ही पारदर्शिता और सुशासन से काम किया जा रहा है। इसको अधिक व्यापक, सख्त और स्ट्रक्चर्ड वे में रखा गया है। यही नहीं, जैसा मैंने पहले कहा, इसकी सारी बातें पब्लिक डोमेन में है। इसके ऊपर जितने आरोप आपने यहां लगाए हैं, आप लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट गए और सभी जगह उनको खारिज किया गया। किन-किन विषयों को लेकर गए? मैं एक बार उन विषयों पर जरूर आना चाहता हूं। अप्रैल, 2020 में सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस द्वारा हेडेड बेंच ने स्पष्ट तौर पर कहा - PM CARES Fund is constitutionally valid. इसको संवैधानिक वैधता सुप्रीम कोर्ट ने भी दी। दिल्ली हाई कोर्ट में पीआईएल डाली गयी कि पीएम केयर्स फण्ड में जो इंफोर्मेशन है, वह आरटीआई एक्ट में दी जाए। उसको उन्होंने निरस्त किया, उसको डिसमिस किया। उसके बाद अगस्त, 2020 में ये लोग सुप्रीम कोर्ट गए और कहा कि पीएम केयर्स फण्ड का सारा पैसा नेशनल डिजास्टर रिलीफ फण्ड में दिया जाए। वहां भी कहा गया कि नेशनल डिजास्टर रिलीफ फण्ड में राज्यों और केन्द्र का पैसा जाता है। आपदा के समय में माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा 11000 करोड़ रुपये से ज्यादा पैसा स्टेट डिजास्टर रिलीफ फण्ड में दिया गया, जो कि बजटरी सपोर्ट से था, पीएम

केयर्स के लिए एक भी पैसा बजट से नहीं दिया गया है। यह बात भी मैं देश के सामने स्पष्ट करना चाहता हूं। यही नहीं, यह पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट है, इसलिए भी उसमें कहा गया कि इसमें सीएजी के ऑडिट की कोई आवश्यकता नहीं है। मैं आपके सामने कहना चाहता हूं कि अगर आप इसके लिए सीएजी का ऑडिट मांगते हैं तो एक परिवार के जितने ट्रस्ट हैं, क्या उन सारे ट्रस्टों का सीएजी ऑडिट करवाने के लिए तैयार हैं? …(व्यवधान) सर, मतलब की बात इनको सुनाई नहीं देती है।

माननीय अध्यक्ष जी, कुछ बातें और भी हैं, जो मैंने आपके सामने रखनी हैं। देश की ईमानदार जनता ने अपनी मेहनत की कमाई पीएम केयर्स फण्ड में दी है। इससे मोदी जी के हाथ मजबूत किए हैं ताकि देश की गरीब जनता को कोरोना से लड़ने में मदद मिल सके। सर, कुछ पार्टियों ने इस पर सवालिया निशान खड़े किए। मैंने कल भी कहा कि ये सवालिया निशान केवल इसके ऊपर ही नहीं, ईवीएम, ट्रिपल तलाक, धारा 370, सर्जिकल स्ट्राइक और जीएसटी पर भी खड़े करते रहे हैं। जब-जब ये लोग कोर्ट गए, सदन में आए या जनता के बीच में गए तो हर जगह नरेन्द्र मोदी जी की और उनकी सरकार की जीत हुई है। यह हम सबने देखा है। कांग्रेस कई बार आधारहीन आरोप लगाती रही है और हर बार मुंह की खाती रही है।

सर, मैं मुझे आगे भी दो-तीन बातें जरूर कहनी हैं कि लोगों ने अपना जो आशीर्वाद दिया है, इसका अंतर कहां नजर आता है। यही प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फण्ड था और यूपीए के समय में जितना पैसा इकट्ठा होता था, उससे पांच गुना ज्यादा पैसा नरेन्द्र मोदी जी के नाम पर प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फण्ड में इकट्ठा हुआ है। यह हमारे नेता की क्रेडिबिलिटी है, यह देश की जनता का विश्वास है। मैं इनसे एक प्रश्न पूछना चाहता हूं, मेरे बाद अधीर जी बोलेंगे, कि क्या आप मानते हैं कि यह जो पांच गुना ज्यादा पैसा मिला है, यह प्रधान मंत्री मोदी जी की क्रेडिबिलिटी के कारण मिला है या आपके समय में यह पैसा कहीं और जाता था? इन दोनों में से किसी एक का जवाब आप जरूर दीजिए।

(1900/SJN/PS)

महोदय, अगर ये लोग सफेद *… (Not recorded)* फैलाने और बाधा उत्पन्न के बजाय, इस जन-भागीदारी और इस राष्ट्रीय अभियान में रचनात्मक रूप से जुड़ते, मैं तो आज भी यह कहता हूं कि आप इसमें जुड़िए, तो हम सभी लोग इकट्ठे होकर कोविड-19 की लड़ाई में अच्छी तरह से लड़ पाएंगे, ऐसा मेरा आपसे निवेदन होगा। सर, अगर मुझे आप इजाजत दें, तो मैं यहां पर वर्ष 1964 का एक मिनट्स पढ़कर सुनाना चाहता हूं। क्यों इनके लिए प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड कभी प्राथमिकता नहीं रही? वह सन् 1948 में बना था और मैं सन् 1964 की बात कर रहा हूं। आप सुनेंगे, तो हैरान हो जाएंगे। उस समय के प्रधान मंत्री, जो उसके अध्यक्ष थे, उस वर्ष दिल्ली, पंजाब, असम, बिहार, राजस्थान और यूपी में बाढ़ आई थी और देश की बुरी हालत थी। प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड में पैसे की आवश्यकता थी, ऐसा मिनट्स में कहा गया है। लेकिन प्रधान मंत्री जी ने पीएमएनआरएफ में तब तक पैसे देने की अपील नहीं कि थी, क्यों उसका कारण आगे लिखा है कि जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल फंड की कलेक्शन पर कोई फर्क न पड़ जाए।

एक परिवार के ट्रस्ट के कलेक्शन पर फर्क न पड़ जाए, लेकिन कई राज्यों के लोग बाढ़ की हालत में मर जाएं, उसकी चिंता नहीं कि गई। क्या आज इस बात का जवाब भी यह पार्टी देना चाहती है? इस बात का जवाब कौन देगा? अगर बात यहीं रुक गई होती, तो शायद तब भी ठीक होता। आगे तो और भी बहुत कुछ हुआ। आखिरकार इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रेज़ीडेंट की नियुक्ति इस ट्रस्ट पर क्यों हुई? क्या हमने आज यह कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष पीएम केयर्स फंड का सदस्य होगा? मैं यहां पर आपके माध्यम से सभी सांसदों से यह पूछना चाहता हूं कि क्या ऐसा होना चाहिए? तो आप लोगों ने आज तक इनसे यह क्यों नहीं पूछा कि इनका कैसे था? क्या इन्होंने व्यक्तिगत रूप से कहा है कि हम लोग इससे रिज़ाइन करना चाहते हैं, छोड़ना चाहते हैं? सर, इसलिए नहीं छोड़ा, क्योंकि वहां पर इनका इंट्रेस्ट जुड़ा हुआ था। एक हाथ से लेते थे और दूसरे हाथ से अपने परिवार के ट्रस्ट में देते थे।...(व्यवधान) ऐसे हाथ करने से काम नहीं चलेगा। मैं आगे बताना वाला हूं कि कहां-कहां पर दिया है।...(व्यवधान)

महोदय, मैं प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड के बारे में सदन और सभी माननीय सांसदों को यह भी बताना चाहता हूं कि वर्ष 2005 से वर्ष 2008 के बीच प्रतिवर्ष पैसा राजनीतक तौर से और पारिवारिक तौर से राजीव गांधी फाउंडेशन को चंदा दिया जाता था। वर्ष 2005 में दिया गया, वर्ष 2006 में दिया गया, वर्ष 2007 में दिया गया और वर्ष 2008 में दिया गया। प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड का ट्रस्टी कौन था? यानी उसके ट्रस्टी के रूप में श्रीमती सोनिया गांधी जी थी। दूसरी ओर राजीव गांधी फाउंडेशन की ट्रस्टी और चेयरपर्सन भी श्रीमती सोनिया गांधी जी ही थीं। तो क्या यह कॉन्फ्लिक्ट था कि नहीं था?...(व्यवधान) क्या आप देश को इसका जवाब देंगे? यही नहीं, प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड...(व्यवधान)

सर, क्या आपको यह पता है कि प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड का अंतिम निजी व्यक्ति सन् 1964 में ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया गया था। क्या आपको यह भी पता है कि प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड के ट्रस्टियों की अंतिम बैठक कब हुई थी? क्या यहां पर एक भी सदस्य ने इस बात को पूछा है? सन् 1985 में आखिरी बैठक हुई थी। जब स्वर्गीय राजीव गांधी जी इस देश के प्रधान मंत्री थे और उसके बाद पूरे ट्रस्ट का अधिकार एक ही व्यक्ति को दे दिया गया था कि वह जैसे चाहे वैसे उसका पैसा खर्च करे। क्या कोई इस देश में नहीं पूछेगा, कोई सदन में नहीं पूछेगा? प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड के चेयरमैन के रूप में स्वर्गीय राजीव गांधी जी को फंड के सभी खातों को प्रचालित करने तथा सभी प्रचालनों का प्रबंधन करने के लिए सचिव की नियुक्ति करने के लिए भी अधिकार दे दिया गया था। वह जिसको उचित समझते थे, उसके बाद पीएमएनआरएफ ट्रस्टियों की एक भी बैठक नहीं हुई थी। सर, ट्रस्टी और सेक्रेटरी कौन बनते थे, मैं अभी इस पर आने वाला हूं। (1905/GG/RC)

सर, अभी आरटीआई पर मेरे मित्र गौरव गोगोई ज्यादा ज़ोर-ज़ोर से कह रहे थे, तो मैं उनको याद कराना चाहता हूँ कि आपकी यूपीए सरकार आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत अपने ही सीआईसी के विरुद्ध सन् 2012 में दिल्ली उच्च न्यायालय में गई थी कि पीएमएनआरएफ – प्रधान मंत्री नैशनल रिलीफ फंड एक सार्वजनिक प्राधिकरण नहीं है और यह मामला आज तक लंबित है तो

क्या आप इसका जवाब नहीं देंगे? मैं चाहता हूँ कि अधीर जी इसका जवाब भी सदन को दें। आप पीएम-केयर्स फंड के लिए तो आरटीआई मांगते हो, दूसरी ओर पीएमएनआरएफ के अगेंस्ट आप कोर्ट जाते हो, अपने ही सीआईसी के खिलाफ जाते हो। यह दोहरा चेहरा, चरित्र कैसे चलेगा? क्या आप जवाब नहीं देंगे? सर, इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने तत्कालीन विधायी कार्य विभाग ने स्पष्ट रूप से अभिमत दिया था कि आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत पीएमएनआरएफ एक सर्वाजनिक प्राधिकरण नहीं है। यदि यूपीए सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में इस बात को बनाए रखा था तो आज क्यों इसके ऊपर प्रश्न खड़ा किया जा रहा है। वहां पर तो फिर भी कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सदस्य है, यहां पर तो भाजपा का भी कोई सदस्य नहीं है। पीएम-केयर्स में पूरी तरह ये एक्स-ऑफिशियो सदस्य है। सर, दूसरी बात यह है कि इनको लगता था कि ऐसे ही चला जाएगा। मैं आपको कहना चाहता हूँ कि –

"अभी तो साजे दिल में तराने बहुत हैं, अभी आपके कच्चे-चिट्ठे सामने आने बहुत हैं।
नए गीत पैदा हुए हैं उन्हीं से, जो नगमें पुराने बहुत हैं – जो नगमें पुराने बहुत हैं।"

सर, ये केवल प्रधान मंत्री नैशनल रिलीफ फंड के ही सदस्य नहीं है, जलियांवाला बाग ट्रस्ट के भी परमानेंट ट्रस्टी के रूप में इंडियन नैशनल कांग्रेस की अध्यक्ष हैं। सर, ऐसा क्या है कि जिनको जनता नकारती है, जिनका लीडर ऑफ ऑपोज़िशन नहीं बन सकता है, लेकिन वे सदियों तक इन्हीं ट्रस्टों पर बने रहेंगे? सर, मैं एक बात तो जरूर सामने रखना चाहता हूँ कि इस एक परिवार ने भारत को अपनी व्यक्तिगत जागीर समझ कर अपने व्यक्तिगत हित साधने के लिए सरकारी मशीनरी और सार्वजनिक धन का उपयोग अपने निजी एजेंडा और निजी लाभ के लिए बड़ी *… (Not recorded)* और आपत्तिजनक तरीके से और अपमानजनक तरीके से किया है। यही नहीं, यहां तो परिवार के प्रत्येक व्यक्ति के नाम पर ट्रस्ट्स हैं। मुझे नहीं पता कि यहां पर कितने मेरे जो संसद सदस्य हैं, इनके कितने परिवार के नाम पर ट्रस्ट्स हैं। सर, लेकिन यहां पर ट्रस्टों की लंबी सूची हैं। अगर आप अनुमति देंगे तो मैं थोड़े से नाम पढ़ना चाहूंगा। सर, इस परिवार के प्रत्येक सदस्य के नाम पर जो चैरिटेबल ट्रस्ट्स और फाउंडेशंस हैं, उनको व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों के लिए बनाया गया है। जिसकी अध्यक्षता आदरणीय सोनिया जी करती हैं। राहुल जी और प्रियंका जी उसके सदस्य हैं। सर, ये ट्रस्ट्स तिकड़ी द्वारा ही पूरी तरह से नियंत्रित हैं। सर, चाहे वह राजीव गांधी फाउंडेशन हो, राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट हो, राजीव गांधी नैशनल रिलीफ एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट हो, इंदिरा गांधी मैमोरियल ट्रस्ट हो, जवाहर भवन ट्रस्ट हो, जवाहर लाल नेहरु मेमोरियल ट्रस्ट हो, कमला नेहरु मेमोरियल ट्रस्ट हो, संजय गांधी मैमोरियल ट्रस्ट हो। सर, अब मैं कितनी लंबी लिस्ट पढ़ूं। …(व्यवधान) सर, फिरोज़ गांधी जी के नाम का ट्रस्ट अभी तक मुझे मिला नहीं है, बाकी नाम मैंने पढ़ दिए हैं। …(व्यवधान) सर औजला जी शायद कुछ कहना चाह रहे हैं। …(व्यवधान) सर, मैं औजला जी का धन्यवादी हूँ कि उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के नाम पर ही ट्रस्ट बनते हैं। क्यों बनते हैं सर, इसका खाता आगे आने वाला है। किन कार्यों के लिए बनते हैं?

(1910/KN/SNB)

राजीव गांधी फाउंडेशन ने 113 करोड़ रुपये का कॉर्पस ऑफिशियली डिक्लेयर किया। यह सिर्फ डिक्लेयर्ड है, अनडिक्लेयर्ड तो मुझे पता नहीं।...(व्यवधान) सर, यह बिल्कुल सिस्टेमैटिक और सस्टेन तरीके से सरकारी संसाधनों को लूटने का काम किया गया। पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी ने वर्ष 1991 की अपनी बजट स्पीच में 100 करोड़ रुपया राजीव गांधी फाउंडेशन के लिए एलोकेट करने की बात कह दी।...(व्यवधान)

सर, देश के किस ऐसे ट्रस्ट के लिए 100 करोड़ रुपये उस समय, पूरे सदन में हल्ला हुआ तो उनको वापस लेना पड़ा। फिर वापस सोनिया जी को मनाने गए। सोनिया जी ने एक नया तरीका ढूंढ कर रख दिया कि निर्देश जारी कर दो- अलग-अलग विभाग देगा। विभागों ने कैसे नहीं दिया। मीडिया की रिपोर्ट कहती है कि प्लानिंग कमीशन ने एक डिक्टेट जारी कर दिया कि जिसमें हर मंत्रालय को एक-एक करोड़ रुपया राजीव गांधी फाउंडेशन को 1995 में देने की बात कही।...(व्यवधान) अच्छा, मीडिया की रिपोर्ट पर आप नहीं जाते। मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स, मिनिस्ट्री ऑफ एचआरडी, एनवायर्नमेंट, स्मॉल स्केल इंड्रस्ट्रीज़, हेल्थ से वर्ष 2005, 2006, 2007, 2008 और 2009 लगातार हर वर्ष पैसा मिलता गया। सर, कोई ऐसी पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज शायद ही होगी, जिसने पैसा न दिया हो। चाहे वह सेल हो, गेल हो, तेल हो, गैस हो, जिससे जो लेना था, सब ले लिया। बैंक हो, एसबीआई से लेकर बाकी सबसे वर्ष 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2010, 2011, 2012 और 2013 हर साल इन्होंने उन सबसे पैसा लिया।...(व्यवधान) कानपुर में एक लड्डू वाले की दुकान है, उसमें वह लिखता है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे हमने ठगा नहीं। इनके लिए बनता है- ऐसा कोई बचा नहीं, जिन्हें इन्होंने ठगा नहीं। अभी तो साजे दिल में तराने बहुत है, अभी आपके कच्चे चिट्ठे सामने आने बहुत हैं। इसलिए चिंता मत करो।

सर, यही नहीं, मैं आपके माध्यम से सदन को याद कराना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड से जैसे वर्ष 2005 से 2008 के बीच पैसा पीएमआरएफ से राजीव गांधी फाउंडेशन को दिया गया, तीन साल लगातार।...(व्यवधान) यहां पर एक तरफ से पैसा इकट्ठा किया, दूसरी तरफ दे दिया। इसी तरह से तीन मूर्ति भवन लुटियन दिल्ली में किसके नाम पर, एक ही परिवार के लिए तीन मूर्ति भवन, 30 एकड़ जमीन, आप कल्पना कर सकते हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन की सहमति हो तो हाउस का समय दोनों विधेयक पारित होने तक बढ़ाया जाता है।

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: सर, तीन मूर्ति भवन लगभग 30 एकड़ जमीन है, जो इस परिवार के लिए दी गई। अगर देखें तो इसकी भी मार्किट वैल्यू कम से कम 8-10 हजार करोड़ रुपया होगी। अगर मैं राजीव गांधी चेरिटेबल ट्रस्ट की बात करूं और इनकी लैंड डील्स, जमीनों की बात करें।...(व्यवधान) जमीनी नेता तो अब ये रहे नहीं, लेकिन जमीनों वाले नेता जरूर हो गए हैं। चाहे वह चेरिटेबल ट्रस्ट के नाम पर हो, हरियाणा में हो, गुरुग्राम में हो, देश के अलग-अलग कोनों में हो। सर, चाइना से लेकर

लक्जमबर्ग तक से पैसा इनके लिए आया हो। मैं प्राइवेट कम्पनियों के नाम नहीं लेना चाहता, आप कहें तो मैं पूरे ले भी सकता हूँ। शायद ही कोई औद्योगिक घराना ऐसा हो, जिसको इन्होंने छोड़ा हो।

सर, इसी सदन में कई बार जाकिर नाइक के खिलाफ बात कही गई और जाकिर नाइक को पैसा कहां से आता था, आज वह देश के अंदर नहीं आ सकता। सर, राजीव गांधी चेरिटेबल ट्रस्ट ने जाकिर नाइक से 50 लाख रुपया लिया।...(व्यवधान)

(1915/CS/SRG)

महोदय, मुझे पता है कि सच्चाई कड़वी होती है, लेकिन आज मैं इतना सच बोल रहा हूँ कि इन्हें और भी बहुत कड़वा लग रहा है।...(व्यवधान)

सर, अगर इन्होंने वर्ष 2011 में, जिसके आतंकवादियों से लिंक थे, ऐसे ज़ाकिर नाइक से वर्ष 2011 में इन्होंने 50 लाख रुपये लिए तो वर्ष 2014 में आपने वापस क्यों किए, इस बात का जवाब भी आपको देना पड़ेगा।...(व्यवधान) बताइए कि तीन साल तक क्या किया? ...(व्यवधान) यह भी बताइए कि इंटरेस्ट समेत दिया या बगैर इंटरेस्ट के दिया है। तीन साल तक और चाइना से तीन लाख डॉलर किसलिए, क्या अध्ययन करना था, बाइलैटरल ट्रेड, एफडीए, अरे हिन्दुस्तान का बाइलैटरल ट्रेड में अगर ट्रेड डेफिसिट कहीं हुआ है तो वह आपकी गलत नीतियों के कारण हुआ है और आप उसे बनाने के लिए पैसा भी चाइना से लेते थे। इस बात पर भी आपको देश से मॉफी माँगनी चाहिए।...(व्यवधान)

सर, प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड से पैसा राजीव गाँधी फाउंडेशन में जाता था और राजीव गाँधी फाउंडेशन से यह पैसा अलग-अलग चैरिटेबल ट्रस्ट में जाता था। क्या करते थे? क्या देश को गाँधी परिवार बतायेगा कि वह इस पैसे का क्या करता था? कहाँ पर यह पैसा खर्च किया गया? क्या आपकी कोई वेबसाइट बताती है कि वह पैसा कहाँ गया है? अरे हमने तो जब पीएम केयर्स फंड बनाया, उसे रजिस्टर्ड भी करवाया और वेबसाइट पर पूरा खाता भी रखा है। हमने ईमानदारी के साथ काम करके दिखाया है।

सर, एक ओर आतंकवादियों से जुड़े हुए व्यक्ति से पैसा लेते हैं तो दूसरी ओर क्रिश्चियन मिशनरी को वह पैसा देने का काम, वर्ल्ड विजन जैसे लोगों को देने का काम किया है।...(व्यवधान)

सर, कहाँ से? प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड में देश की गरीब जनता ने अपना पैसा प्रधान मंत्री के नाम पर दिया और आपने गाँधी परिवार के ट्रस्टों के लिए ले लिया। वहाँ से आपने किसी क्रिश्चियन मिशनरी को दे दिया और कहाँ-कहाँ खर्च किया, इसका किसको पता चलेगा, लेकिन जब पता चला कि मैडम सोनिया गाँधी जी एनएसी की चेयरपर्सन हैं और साथ ही साथ कई ट्रस्टों की भी चेयरपर्सन्स हैं। जब ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के एलीगेशन लगे तो सोनिया गाँधी जी को इस्तीफा देना भी पड़ा।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मैं कुछ कहना चाहता हूँ।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : सर, अधीर जी कुछ कहना चाहते हैं। एक मिनट, उनकी बात सुन ली जाए।

माननीय अध्यक्ष : आप माइक में बोलिए।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, बात यह है कि अगर किसी के खिलाफ कोई इल्जाम लगाने की जरूरत होती है, तो पहले उनको नोटिस देना पड़ता है।

दूसरी बात, जो सदन में उपस्थित नहीं रहते, अपने को डिफेंड करने का जिनके पास मौका नहीं रहता, जो सदन के सदस्य हैं और उनके पास डिफेंड करने का मौका नहीं है तो उनके खिलाफ कोई इल्जाम नहीं लगा सकते हैं।

सर, आप रूल बुक में यह देख सकते हैं। सोनिया गाँधी जी इस सदन की मेंबर हैं, वे अपनी चिकित्सा कराने के लिए बाहर गई हैं और उनके नाम पर यह धब्बा लगाया जा रहा है, जो अभी अपने को डिफेंड करने के लिए यहाँ मौजूद नहीं हैं। वे अभी सदन में मौजूद नहीं हैं।

सर, एक बात सुन लीजिए कि अगर आप चाहते हैं कि हाउस इस तरीके से चले तो आप चलने दीजिए। अगर वे सोचते हैं कि हम लोगों की यहाँ रहने की जरूरत नहीं है तो हमें बोल दीजिए, हम चले जाते हैं।...(व्यवधान) सर, हम चले जाते हैं।...(व्यवधान) अगर कुछ नहीं चलेगा तो हम चले जाते हैं।...(व्यवधान) सर, बिल्कुल आपको सुला दिया है।...(व्यवधान) सर, हम लोग बिल्कुल यह सदन छोड़कर जाने वाले हैं, अगर आपकी मौजूदगी में ये इस तरीके की*... (Not recorded)*
बातें यहाँ करते जाएंगे।...(व्यवधान)

सर, अगर ये आपकी मौजूदगी में इस तरीके की*... (Not recorded)* बातें करते जाएंगे, रूल बुक आदि को कोई मान्यता न दें, तो हमें यह सदन छोड़कर जाना पड़ेगा।...(व्यवधान)
(1920/RV/RU)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): वे कानून के हिसाब से बोलेंगे। आप कृपया बैठिए।...(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): सर, मंत्री महोदय आरोप लगाने में माहिर हैं। वे जिस पारदर्शिता की बात करते हैं तो क्या वे बताएंगे कि वह पारदर्शिता विवेकानंद फाउण्डेशन में है, इंडिया फाउण्डेशन में है, ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बी.जे.पी. में है? ...(व्यवधान) ...(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) कौन है? दमन वेंटिलेटर स्कैम के बारे में बोलिए। चीन में टिकटॉक का कितना पैसा है? ज़ाकिर नाइक की बात करते हैं। ज़ाकिर नाइक का तो पैसा वापस गया, लेकिन टिकटॉक का पैसा कब वापस जाएगा? ...(व्यवधान) चीन के पैसे कब वापस जाएंगे? ...(व्यवधान) चीन के साथ हुई लड़ाई में हमारे सिपाहियों ने अपना बलिदान दिया और आपको इतना साहस दिया कि आप चीन के पैसे वापस करें। आपने एशियन इंवेस्टमेंट बैंक से पैसे लिए। क्या आप में इतना साहस भी है कि आप वे पैसे वापस करें? अरे, क्या आप इतने दुर्बल हो गए कि चीनी पैसों से आप कोविड-19 का रेस्क्यू करेंगे? आप पी.एम.एन.आर.एफ. की बात करते हैं।...(व्यवधान) प्रधान मंत्री मोदी जी ने पी.एम.एन.आर.एफ. फण्ड को कितनी बार यूज किया? ...(व्यवधान) नेशनल रिलीफ फण्ड को वर्ष 2017 में यूज किया।...(व्यवधान)

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर): आदरणीय अध्यक्ष जी, सत्य की भूख सभी को लगती है, लेकिन जब सत्य परोसा जाता है तो बहुत

कम लोगों को इसका स्वाद अच्छा लगता है।…(व्यवधान) आज़ादी से अब तक कांग्रेस का यह सफर बदस्तूर जारी रहा है।…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I am on a Point of Order under Rule 353. It says:

> "No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a member against any person unless the member has given adequate advance notice to the Speaker and also to the Minister concerned so that the Minister may be able to make an investigation into the matter for the purpose of a reply.
>
> Provided that the Speaker may at any time prohibit any member from making any such allegation if the Speaker is of opinion that such allegation is derogatory to the dignity of the House or that no public interest is served by making such allegation."

सर, मैं आपसे पूछता हूं कि क्या सोनिया गांधी जी के बारे में …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) करके इस सदन की गरिमा बढ़ेगी? अगर यह बढ़ेगी तो आप इसकी इजाजत दे दीजिए।…(व्यवधान) यह फैसला आपको करना है।…(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: अध्यक्ष जी, मैं यील्ड नहीं करूंगा।…(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं उन्हीं सब बातों पर अपने विचार रख रहा हूं, जो माननीय सदस्यों ने कहा है। मैं एक बार फिर पढ़ देता हूं क्योंकि मैंने सबके भाषण सुने हैं। आपने ही इसकी स्थापना से लेकर पारदर्शिता और मिसयूज ऑफ फण्ड्स इत्यादि के बारे में कहा। अगर आपने यह नहीं पूछा होता तो मैं इसके बारे में क्यों बोलता? आप सभी माननीय सदस्यों ने यह कहा और क्या मंत्री इसका उत्तर भी न दे? …(व्यवधान)

सर, देश को और सदन को यह जानने की जरूरत है या नहीं है? पीएम-केयर्स को करने की क्या आवश्यकता पड़ी तो इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी कि हम पारदर्शी तरीके से काम करते हैं।…(व्यवधान)

वे प्रदेश में बैठ कर ट्वीट पर ट्वीट करते गए,
पुश्तैनी चादर ओढ़ कर बड़ी …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) करते गए।

सर, मैं कुछ और बातों पर आना चाहता हूं क्योंकि मैंने दो-तीन बातें कही हैं।…(व्यवधान) मेहुल चौकसी, जो पी.एन.बी. फ्रॉड करके चला गया। उससे भी इन्होंने दस लाख रुपये ले लिए।…(व्यवधान) उससे भी दस लाख रुपये आपने नहीं छोड़े? …(व्यवधान) यस बैंक के फाउण्डर …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) से भी इन्होंने दस लाख रुपये ले लिए।…(व्यवधान) जो एन.एस.ई.एल. स्कैम का …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) है, उस स्कैम करने वाले से इन लोगों ने पचास लाख रुपये ले लिए।…(व्यवधान)

(1925/MY/NKL)

सर, यही नहीं जो जवाहर भवन है, वर्ष 1985 में उसकी कीमत 100 करोड़ रुपये थी। सर, मैं कितने चिट्ठे खोलूँ, अगर आज उसको देखेंगे तो लगभग उन्होंने ऐसा कोई पीएसयूज़ नहीं छोड़ा, जिससे इन्होंने पैसे न लिए हो।

सर, मैं दो-तीन बातें कह कर अपनी बात को विराम दूँगा। यह देश को बताना इसलिए जरूरी था और माननीय सांसदों को भी, जिन्होंने इस कोविड-19 के समय में भी अपना समय दिया है। …(व्यवधान)

सर, अगर मैं पेंटिंग की चर्चा करूँगा तो फिर ये बोलेंगे कि वह तो इस सदन के सदस्य ही नहीं हैं। जो दो हैं, वे विदेश में हैं, क्योंकि गरीब आदमी तो विदेश में इलाज कराने नहीं जा सकता है। इसलिए, मैं उसको छोड़ देता हूँ।

सर, मैं दूसरी बात कहूँ कि कुछ फाउन्डेशंस की बात कही गई।…(व्यवधान) उन फाउन्डेशंस का क्या है? मैं यह कहना चाहता हूँ कि उन फाउन्डेशंस को कोई बजटरी सपोर्ट का पैसा नहीं दिया गया, कन्सॉलिडेटेड फंड ऑफ द इंडिया का कोई पैसा नहीं दिया गया, जहाँ दिया गया, वहाँ से लेने का काम राजीव गाँधी फाउन्डेशन ने किया है, इसलिए आपको जवाब देना बहुत आवश्यक है।…(व्यवधान)

सर, अगली बात मैं यह कहना चाहता हूँ, जो लोग इस ट्रस्ट के सचिव बने, असली खेल तो इनका रियल एस्टेट का था। चाहे जवाहर लाल नेहरू ट्रस्ट की जमीन हो, चाहे जवाहर भवन की हो और बाकी अन्य की हो, इन्होंने देश का कोई कोना नहीं छोड़ा है, जिसमें अपने ट्रस्ट के नाम पर जमीन न ली हो। आज उसकी कीमत देखी जाए। क्या कोविड-19 के समय आप देश के लिए वे सारी जमीनें वापिस देने के लिए तैयार हैं? क्या आप अपने सारे फंड का पैसा देश में कोविड पर खर्च करने के लिए तैयार हैं? कितना पैसा इन्होंने अपने फंड से कोविड-19 के लिए खर्च किया? क्या आप देश को बताने के लिए तैयार हैं?

सर, यही नहीं, आज तक क्या हुआ, मैं आपको थोड़ा बताऊँगा। यहाँ तक कि हैदराबाद हाउस जो केवल बड़े कार्यक्रमों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इन्होंने वह भी, राजीव गाँधी फाउन्डेशन के कार्यक्रमों और काँफ्रेन्स के लिए इस्तेमाल किया। यही नहीं, एम.एच.आर.डी. जो अब शिक्षा मंत्रालय बन गया, इससे फ्लाइट्स टिकट्स भी इंटरनेशनल स्पीकर्स के लिए लेते थे। सर, कौन-सा विभाग इन्होंने परिवार के नाम पर छोड़ा है।

सर, जो अगली बात आती है, इनके ट्रस्ट में जो इनके सेक्रेटरी के नाम पर आए। वर्ष 1993 से लेकर वर्ष 1998 तक पुलोक चटर्जी थे। इनको बाद में प्रिंसिपल सेक्रेटरी टू पी.एम. बनाया गया। वज़ाहत हबीबुल्ला एक और एग्जाम्प्ल है, जिनको पीएमओ, सीआईसी से लेकर माइनॉरटी कमीशन तक दिया गया।

सर, मैं एक लाइन पढ़ना चाहता हूँ, which is the Statement of the then Vice-Chairman, Shri Abid Hussain. …(*Interruptions*) Sir, this shows their arrogance

and non-Official control. …(*Interruptions*) It is best captured in this Statement made in 1995. You have to listen, Sir. …(*Interruptions*) It says:

> "We are independent, free, and autonomous but the MEA and the PMO are very responsive to us because we work on the subjects in which they are terribly interested."

सर, इसका क्या मतलब है? कौन-सी ऐसे सब्जेक्ट पर आप काम करते थे? क्या इन फाउन्डेशंस का उपयोग किया जाता था? वैसे वह पूरी सरकार नहीं कर सकती थी, लेकिन आपके ट्रस्ट उन कामों में लगे रहते थे। इस ट्रस्ट का इंट्रेस्ट भारत में था, या कहीं और था? इसे आपको बताना पड़ेगा। यहीं नहीं, मैंने चाइना, लक्ज़मबर्ग से लेकर बाकी सब की बात कर ही दी है। डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी से लेकर सभी की बात कर दी। नेशनल हेराल्ड तो मुझे लगता है कि देश के लोग अभी तक भूले नहीं होंगे। सर, मेरा केवल इतना ही कहना है कि आप उनको बचाने की कोशिश करें, जो पहले बेल पर हैं। मैंने जितनी बातें यहाँ पर कही हैं, …(व्यवधान) मैं सदन में कह रहा हूँ, तथ्यों के साथ कह रहा हूँ। …(व्यवधान)

सर, काँग्रेस के सदस्य ने अभी कहा कि यह …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) है तो उनके नेता मेरे बाद बोलने वाले हैं। मैं चाहूँगा कि अगर मैंने एक भी …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) बोला है तो कृपया करके उस …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) को अपनी ओर से पूरा तर्क देकर कहें कि यह …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) है और उसका तथ्य देकर कहें, क्योंकि कल जब मैंने पूरे तथ्य देकर अपनी बात कही थी। मेरा एक शब्द भी, मेरी पिछले कल की पूरी स्पीच निकालिए, मेरा एक शब्द भी अनपार्लियामेन्ट्री नहीं था।

(1930/CP/KSP)

केवल एक परिवार, एक ट्रस्ट या किसी के ऊपर मैंने बात अभी रखनी शुरू की थी, तो पूरा हंगामा खड़ा हो गया। …(व्यवधान) वाक आउट हो गया।…(व्यवधान)

सर, कहा गया हिमाचल का *… (Not recorded)*…(व्यवधान) फिर कुछ और भी कहा गया। …(व्यवधान) मैं इनके लिए सक्षम हूं। जब ये लोग यूपीए में घोटाले करते थे, मैं भारतीय जनता युवा मोर्चा का अध्यक्ष होने के नाते सड़कों पर इनकी धज्जियां उड़ाता था और इनको उखाड़ फेंकने के लिए हमने काम किया है। हमने लाठियां खाई हैं, आंदोलन किए हैं, पानी की बौछारें खाई हैं। आपके भ्रष्टाचार को बेनकाब करने के लिए आज तक मुकदमे झेल रहे हैं और आज भी आपके सारे भ्रष्टाचार को बेनकाब करूंगा। आप स्पष्ट तौर पर समझ लीजिए कि मैं डरने वालों में से नहीं हूं, क्योंकि मैं वीरभूमि हिमाचल प्रदेश से आता हूं, देवभूमि हिमाचल प्रदेश से आता हूं। हिमाचल का *… (Not recorded)* कौन? देश के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा हुए, तो वे हिमाचल प्रदेश से हुए। कारगिल की लड़ाई में यह पहली बार हुआ कि शहीदों का पार्थिव शरीर उनके घरों तक पहुंचाया, जिसे अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पहुंचाया था। उस लड़ाई में सबसे ज्यादा शहादत किसने दी, तो हिमाचल के*… (Not recorded)* ने दी थी। हमारी 70 लाख की आबादी है। उस लड़ाई में

चार परमवीर चक्र विजेता हुए। छोटे से प्रदेश, हिमाचल प्रदेश के दो *… (Not recorded)*, अगर इनको *… (Not recorded)* शब्द ही पसंद है, तो मैं वैसे ही कह रहा हूं। हमारे वीर जवान परमवीर चक्र विजेता हुए। …(व्यवधान) कैप्टन विक्रम बत्रा, राइफल मैन संजय कुमार, जो मेरी कांस्टीच्युएंसी से आते हैं। मैं गर्व से कहता हूं कि हां, मैं वीरभूमि का *… (Not recorded)* हूं, मैं हिमाचल का *… (Not recorded)* हूं। आपको गाली के शब्द कुछ और मिलते होते, आप वे भी ले लेते, मुझे उससे कोई परहेज नहीं था। आप पहली बार नहीं, बार-बार सदन में इस तरह की भाषा का उपयोग करते हैं। You are a ... (*Expunged as ordered by the Chair*) यह आपने पहली बार नहीं किया है। आप हर बार माफी मांगते हैं। आज मैं माफी मांगने के लिए भी नहीं कह रहा हूं। मैं इस विषय को भी नहीं उठाना चाहता हूं। लेकिन दर्द तब हुआ, जब रात को साढ़े 10 बजे के बाद जाकर ढंग से फिर वहां पर सुना। जिस दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को एक मंदिर के रूप में मानकर देश के प्रधान मंत्री मोदी जी शीश झुकाकर अंदर आते हैं, ये सामने बैठे कांग्रेस के लीडर उसको बाजार कहते हैं और इधर के सांसदों को *… (Not recorded)* कहते हैं। सर, ये शब्द हैं। मैं माफी मांगने के लिए इनको बिल्कुल नहीं कहूंगा, क्योंकि जितना इनको कहना है, जो इनके कारनामे हैं, उस पर मैं ज्यादा और नहीं कहना चाहता हूं। मैं इतना ही कहूंगा कि कृपया करके इन शब्दों को निकाल दिया जाए। यह उचित नहीं होगा। अगर सदन को लगता है कि निकालना चाहिए तो आप कह सकते हैं, अगर वे उचित शब्द नहीं थे। अभी *… (Not recorded)* कह देना। मैंने हर बात तर्क देकर कही। मैंने कोई व्यक्तिगत आरोप किसी के ऊपर नहीं लगाए।

जो लोग उस ट्रस्ट के सदस्य थे, उन्होंने जो अब तक किया है, मैंने केवल उनकी बात रखी। एक ऐसा ट्रस्ट प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड जो आज तक रजिस्टर नहीं हुआ, जिसने सारी एग्जंप्शंस पाई। क्या आप उसकी तुलना एक ऐसे काम से कर सकते हैं, जो कोविड-19 की लड़ाई के समय माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने किया है? देश के लोगों की सेवा करने के लिए एक-एक कदम, 27 मार्च को उसके रजिस्ट्रेशन से लेकर, उसकी 12 ए की रजिस्ट्रेशन से लेकर, 80 जी के एग्जंप्शन से लेकर, एफसीआरए से लेकर, शेड्यूल 7 ऑफ सीएसआर तक सबमें एक-एक कानून के तहत कदम उठाया गया। मैं आपके माध्यम से देश और सदन को आश्वास्त करना चाहता हूं कि माननीय मोदी जी का आज तक का राजनीतिक जीवन देख लीजिए, ईमानदारी भरा, सुशासन भरा, पारदर्शिता भरा रहा है और पीएम केयर्स फंड भी इतना पारदर्शिता भरा ही रहेगा।

इस बात का विश्वास मैं आपको दिलाता हूं और आपके समर्थन की उम्मीद करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1934 बजे

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सदन में चर्चा हो, जरूर आप यह चाहते हैं और हम सब भी चाहते हैं, यह मुझे लगता है। लेकिन कल से एक चीज मैं देख रहा हूं कि सोचे-समझे तरीके से कांग्रेस के खिलाफ *… (Not recorded)* करके इल्जाम पर इल्जाम लगाकर, जिस विधेयक पर चर्चा होनी जरूरी है, उसमें सारी चीजों को भ्रमित करना और गुमराह करने का एक सोचा-समझा तरीका हम कल से देख रहे हैं। यहां जवाहर लाल नेहरू जी की धज्जियां उड़ाई गईं कि 1948 में उन्होंने एक ट्रस्ट बनाया, एक रिलीफ फंड बनाया, वह रिलीफ फंड रजिस्टर नहीं हुआ, उसमें घपला हुआ, उसमें काफी करप्शन हुआ। यही बात कही गई।

(1935/NK/KKD)

मैं एक बात जरूर कहता हूं, एक मिनट सुन लीजिए, कान में माइक लगा कर सुन लीजिए, मैं इंग्लिश में कहूंगा, ट्रांसलेशन सुन लीजिए।

> "*Death is certain, the body is ephemeral. The golden body that yesterday we consigned to the funeral pyre of sandalwood, was bound to end. But did death have to come so stealthily? When friends were asleep and guards were slack, we were robbed of a priceless gift of life.*
>
> *Bharat Mata is stricken with grief today — she has lost her favourite prince. Humanity is sad today — it has lost its devotee. Peace is restless today — its protector is no more. The down-trodden have lost their refuge. The common man has lost the light in his eyes. The curtain has come down. The leading actor on the stage of the world displayed his final role and taken the bow.*"

वर्ष 1964 में राज्य सभा में हमारे भूतपूर्व प्रधानमंत्री सम्माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने दिवंगत आत्मा नेहरू जी के सम्मान में ये बात कही थी। आपके पार्टी के इतने बड़े नेता, जिन्हें हम सभी मानते हैं, अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नेहरू जी की शरण में राज्य सभा में यह बात रखी। अगर इस सदन में उसकी निंदा होगी तो किसका अपमान किया जा रहा है? आप जवाहर लाल नेहरू का अपमान कर रहे हैं और अटल बिहारी वाजपेयी जी का भी अपमान कर रहे हैं, दोनों का ही अपमान कर रहे हैं। इसके लिए आपको कहा कि हिमाचल का *… (Not recorded)* तुम नहीं जानता, हिमाचल का *… (Not recorded)* मतलब हिमाचल का बच्चा तू नहीं जानता, मतलब बॉय, बालक, हिमाचल का बालक तू नहीं जानता, क्योंकि तुम कितनी बड़ा गलती कर रहा है, तुम नहीं जानते,

हिमालय का बालक, यही मैंने कहा। मैं पढ़ कर सुना देता हूं, आपको साल भी बता रहा हूं। After Prime Minister, Jawaharl Nehru's death in May, 1964, Atal Bihari Vajpayee, then a Rajya Sabha Member, paid homage in Parliament to India's first Prime Minister. उन्होंने और क्या-क्या कहा, सुनाऊं,

> *"In the Ramayana, Maharashi Valmiki has said of Lord Rama that he brought the impossible together. In Panditji's life, we see a glimpse of what the great poet said. He was a devotee of peace and yet the harbinger of revolution, he was a devotee of non-violence but advocated every weapon to defend freedom and honour."*

आप उनको *… (Not recorded)* साबित करते हैं। मैं यील्ड नहीं कर रहा हूं।

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): स्पीकर साहब, मुझे एक बात बहुत विनम्रता से कहनी है। अधीर बाबू अपनी पार्टी के नेता हैं, उन्होंने फिर उस शब्द का प्रयोग किया। चाहे भारत का प्रदेश हिमाचल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान या बंगाल हो, हर प्रदेश के नौजवान, बच्चे और बूढ़ों को सम्मान मिलना चाहिए। सदन में फिर उस शब्द का प्रयोग किया गया है। मैं आग्रह करूंगा कि उसको रिपीट न करें। जो शब्द कहीं से भी आया, उसको डिलीट कर दें, मैं यही आग्रह कर रहा हूं। आपने फिर उस शब्द का प्रयोग किया, उस शब्द का प्रयोग मत कीजिए, यही मैं कह रहा हूं।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष महोदय, मैंने कोई गलती नहीं की है। मैं जो महसूस कर रहा हूं, मैं कह रहा हूं कि बालक तुम इतना बुरा काम न करो। मैं यही कह रहा था। बालक तुम इतना बुरा काम न करो क्योंकि तुम्हारे प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने दिवंगत जवाहर लाल नेहरू की शरण में यह बात रखी थी। पंडित रवि शंकर जी आप बहुत ज्ञानी व्यक्ति हैं, आप बहुत ज्ञानी व्यक्ति हैं। आप जरा सा पढ़ लीजिएगा और बालक को समझा दीजिएगा। मैंने उनको बालक कहा, मैंने उनका अपमान बिल्कुल नहीं किया, हमारा प्यारा बच्चा है। बीजीपी की घोल खाकर घूम रहा है, उनको भी नशा चढ़ गया है। उनको दिखाना है कि देखो मैं कितना कांग्रेस के विरोध में हूं, उसे दिखाकर पोस्ट बचाना चाहते हैं। इसलिए कहा कि बालक तुम ऐसा न कर।

(1940/SK/RP)

तुम हिमाचल के बालक हो, हिंदुस्तान के बालक हो, लेकिन बालक तू ऐसा न कर, जवाहर लाल नेहरू जी का अपमान न कर, अटल बिहारी वाजपेयी जी की आत्मा नहीं सहेगी। मुझे यही बोलना था, और कुछ नहीं। …(व्यवधान) महोदय, रूल के हिसाब से बात की जाए तो कोई हर्ज नहीं है।

सर, कल भी मैं निर्मला सीतारमन जी की बात सुन रहा था। I recognised her as an accomplished lady of this Cabinet. I respect her and I regard her. Certainly, she

is deserved to be praised. मैडम, जब सदन में कोई विधेयक आता है, तब तो हमें अपनी बात रखने का अधिकार है। आपको बुरा लग सकता है, अच्छा लग सकता है, लेकिन अधिकार तो है। फिर भी जब चर्चा खत्म हो जाती है तब हम तुरंत जाकर कहते हैं - मैडम, सिस्टर या एल्डर सिस्टर, मेरा यह काम है। आप करते भी हैं। मैंने जब आपसे मांग की, आपने पूरी की। मेरी पार्टी के लीडर प्रियरंजन दास मुंशी जी की मृत्यु हो गई थी, हम उनकी डैड बॉडी ले जाने में सक्षम नहीं थे। तब आप डिफेंस मिनिस्टर थीं, आपको मैंने एक बार कहा और आपने तुरंत इंतजाम कर दिया। आपने हैलीकॉप्टर दे दिया, प्लेन दे दिया। मैंने खुद आपको चिट्ठी लिखी – मैडम, आज जिस तरह से आपने हमारे दिवंगत नेता के लिए मदद की है, मैं जिंदगी भर आपको याद रखूंगा। मैंने यह लिखा। मैं क्यों नहीं लिखूंगा? You may be a Minister but you are like my elder sister.

हम आपके व्यक्तिगत विरोधी नहीं हैं, लेकिन जब विधेयक आता है, हमारा कोई सवाल होता है, हमें पार्लियामेंट ने पूछने का अधिकार दिया है, कांस्टीट्यूशन ने दिया है। इसमें आपको बुरा लग सकता है, लेकिन क्या करें?

मुझे आज भी याद है, वर्ष 2019 में नरेन्द्र मोदी जी के सत्ता में आने के बाद जब मुझे इस पद पर बिठाया गया था, मुझे पहली बार सदन में महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के संबंध में बोलने का मौका मिला था। तब मैंने कहा था – देखिए आप लोगों ने हमें टूजी का चोर बनाया, कॉमन वैल्थ का चोर बनाया और भी तरह-तरह का चोर बनाया, कोयला घोटाले का चोर बनाया। …(व्यवधान) प्रधान मंत्री सारे हिंदुस्तान में घूम-घूम कर कहते थे, इल्ज़ाम लगाते थे, मां-बेटे ने सारे देश की …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) …(व्यवधान) जिस दिन सदन में यह चर्चा शुरू हुई, पहली चर्चा में मैंने नरेन्द्र मोदी जी से मांग की थी - नरेन्द्र मोदी जी, अगर मैडम सोनिया गांधी जी, हमारी नेता …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) हैं, राहुल गांधी जी …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) हैं तो सदन में क्यों बैठे हैं? वे जेल में अब तक क्यों नहीं गए?

सदन में आप सत्ता में आए हैं, पहले भी माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जमाने में सत्ता में थे।…(व्यवधान) फिर आप सत्ता में आए, दो बार आए। …(व्यवधान) आप लगभग 12-13 साल तो सत्ता में रहे हैं, और भी रहेंगे, जरूर रहना चाहिए।…(व्यवधान) लेकिन …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) कब तक सुनेंगे? …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) सदन में क्यों आते हैं? …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं रहते हैं? अगर हमारे नेता …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) होते तो नीरव मोदी और मेहुल चौकसी की तरह भाग जाते। वे तो यहां सीना तानकर खड़े हैं।…(व्यवधान)

श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर): आप भी तो हमें यह बात बोलते हैं।…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): आप …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) मत करो। …(व्यवधान) बात करने दो। …(व्यवधान)

श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर): यही बात उन लोगों की है। अरैस्ट करके क्यों नहीं दिखाया?…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

(1945/MK/RCP)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): ये उनकी नेत्री को दिखाना चाहते हैं, वो भी किसी से कम नहीं हैं। हम भी किसी से कम नहीं हैं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): माननीय वित्त मंत्री जी हम जानकारी लेना चाहते हैं, हम यह जानकारी आपसे ही लेंगे, क्योंकि आप वित्त मंत्री हैं। यदि आप वित्त मंत्री नहीं रहतीं तो मैं सवाल नहीं पूछता। मैं यह जानना चाहता हूं कि किसलिए पैरलेल फंड बनाने की जरूरत है। What is the need for creating a parallel fund? यह हम जानकारी लेना चाहते हैं, जिसके बारे में आप बोलेंगी। एक पीएम नेशनल रिलीफ फंड एग्जिस्टिंग है तो पैरलेल फंड बनाने की क्या जरूरत है? यदि जरूरत है तो बता दीजिए। जब हम पूछते हैं कि जरूरत क्यों है तो आप कहते हैं कांग्रेस ने ट्रस्ट क्यों बनाए थे? इससे क्या ताल्लुकात है? मुझे पता नहीं है। पीएम केयर्स फंड को लेकर हिन्दुस्तान में बहुत चर्चा हो रही है। चर्चा इसलिए है कि पीएम केयर्स फंड के जो लूपहोल्स है और इसमें जो सुविधा दी जा रही है, उस सुविधा को बहुत सारी कंपनियां इस्तेमाल करती हैं। फेवर के लिए या कुछ सहयोग के लिए, इसके पीछे राज क्या है? यह हम जानना चाहते हैं। जवाब देना या न देना आपकी मर्जी है। लेकिन, हमें जानने की कोशिश करनी पड़ेगी, क्योंकि हम भी नुमाइंदे बन चुके हैं। हम जानना चाहते हैं कि क्या यह सच है कि जब गलवान घाटी में हमारे हिन्दुस्तानी फौज शहादत देते रहे, उसके बाद भी आपने चीनी बैंक से पैसा उधार लिया? चीनी बैंक से पिछले अप्रैल से आज तक आपने कितना पैसा लोन लिया है या कोई अलग इंस्ट्रूमेंट के जरिए लिया है? आप इसके बारे में हमें बताइए।

मैडम, हम आपसे यह भी जानना चाहते हैं, ये कहते हैं कि बहुत सारे चाइनीज कंपनियों ने इसमें फंड डाला है। हमारे पास जो तथ्य आए हैं, उन तथ्यों के मुताबिक जियोमी ने 10 रुपये और हुआवेई ने 7 करोड़ डाले हैं। ये हुआवेई कौन है? It is in the US Pentagon's list of the Chinese companies that are owned or controlled by the Chinese military, the People's Liberation Army. वन-प्लस नाम से एक चीनी कंपनी ने एक करोड़ दी है, ओपो कंपनी ने एक करोड़, टिक-टॉक कंपनी ने 30 करोड़ और पेटीएम नाम की एक कंपनी है। It is over 50 per cent owned by the China-based companies. It collected Rs. 100 crore for the Fund. Its target is to collect Rs. 500 crore. यह सच है या नहीं है? यदि नहीं तो आप कह दीजिए कि बिल्कुल नहीं है, तब हम मान लेंगे कि नहीं है। लेकिन, मुझे आशंका इसलिए होती है, क्योंकि जब हमारे फौजियों की गलवान घाटी में शहादत होती है, शहादत होने के बाद जब ऑल पार्टी मीटिंग होती है तो हमारे प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि लद्दाख में न कोई चीनी फौज घुसी है, न कोई घुसा हुआ है और न हमारा कोई कैम्प चीन के कब्जे में है। दूसरे दिन, विदेश मंत्री जी कहते हैं कि बहुत सारे चीनी फौजों का इंट्रूजन हुआ है। राजनाथ सिंह जी भी राज्य सभा एवं लोक सभा में

कहते हैं कि पैंगोंग और देपसांग इलाके में हमारे साथ फ्रिक्शन चल रहा है। बहुत सारे इलाके में चीनी फौज घुसी हुई है। हमारी फौज भी लड़ रही है।

माननीय अध्यक्ष : आपका गला खराब है।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): वह लड़ेगी, क्योंकि हिन्दुस्तानी फौज ऐसी ही है। वह लड़कर अपने देश की सरज़मीं की रक्षा करेगी। यह हिन्दुस्तानी फौज का सबसे बड़ा धर्म है। हमें आशंका क्यों हुई? जब चीनी फौजें हमारी फौजों को मार रही हैं, हत्या कर रही हैं, हमारे फौजों ने उनसे बदला भी लिया है, उसके बाद अगर हमारे प्रधान मंत्री जी यह कहें कि न कोई घुसा है, न कोई घुसा हुआ है, न हमारा कोई कैम्प चीन के कब्जे में है तो हमें तो शंका होगी।

(1950/YSH/SMN)

हम जानना चाहते हैं कि इन डोनेशन्स के साथ हमारे प्राइम मिनिस्टर जी का कोई तालुकात है या नहीं है। हम इसीलिए पूछ रहे हैं। सर, मैं बिल्कुल भी ज्यादा समय नहीं लूंगा।

माननीय अध्यक्ष : आज आपका गला भी खराब है।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): PMCARES fund appears to have been created to conceal the donations of private persons and corporates. यह हमारी शिकायत है। मैडम, हमने आपसे बहुत सुझाव मांगे हैं। कल भी कुछ सुझाव मांगे थे कि आप स्टेट को जीएसटी दीजिए। मैडम, जैसे आपने 'एक्ट ऑफ गॉड' के लिए कहा है। वर्ष 2014 में जब पीएम नरेन्द्र मोदी जी चुनाव प्रचार के लिए बंगाल गए थे तो वहां के मुख्य मंत्री जी ने किसी बात पर कहा था कि यह 'एक्ट ऑफ गॉड' है, इसमें मैं क्या कर सकता हूँ। उस समय प्रधान मंत्री जी ने पलटवार करते हुए कहा कि यह 'एक्ट ऑफ गॉड' नहीं बल्कि एक्ट ऑफ फ्रॉड है। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी जी का यह सबसे पहला बयान था। आप चाहे तो पता कर लीजिए। यह हमने नरेन्द्र मोदी जी से सीखा है कि 'एक्ट ऑफ गॉड' के बदले 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' कहना मुनासिब है। यह हमने नेरन्द्र मोदी जी से सीखा है। क्या कोई एक्ट ऑफ फ्रॉड तो नहीं होता है? यह बड़ी गोलमोल चीज होती है। The PMCARES is not under the purview of the C&AG, the Chief Audit Agency, for all spending of national exchequer. No scrutiny of any kind is allowed of the PMCARES fund making it susceptible. It becomes susceptible to mismanagement. आपकी सरकार का यह रवैया है। यह आपकी ट्रांसपेरेंसी अकाउंटेबिलिटी है। अगर ट्रांसपेरेंसी है तो ऐसा क्यों हो रहा है। यह Hide and seek गेम हो रहा है। हमारे ये सवाल हैं। देखिए अगर हमें कोई डर होता या यूपीए सरकार को कोई डर होता तो हम Right to Information Act सदन में पारित नहीं करते। हमने Right to Information Act लागू करके यह साबित कर दिया है। मुँह से ट्रांसपेरेंसी बोलने से कुछ नहीं होगा। ट्रांसपेरेंसी को कानूनी दर्जा दिया जाना चाहिए। ट्रांसपेरेंसी को Legal entitlement दिया जाए। हममें और आपमें यही फर्क हैं कि आप मुंह से कुछ और बोलते हैं, लेकिन काम कुछ अलग करते हैं। लेकिन हम जो भी मुंह से बोलते हैं, उस काम को करके दिखाते हैं। CSR Fund is eligible for donation to PMCARES fund. Would it mean that corporates instead of spending their mandatory CSR fund for developmental work prefer to spend it

on the PMCARES fund? यहां बहुत सारे मैम्बर्स ने कहा है। सर, मेरा इस पर एक छोटा सा सवाल है। अगर प्राइम मिनिस्टर जी को सीएसआर फंड मिलता है तो चीफ मिनिस्टर को सीएसआर फंड क्यों नहीं मिलता है? आपको यह भी देखना चाहिए। आप चीफ मिनिस्टर को सीएसआर फंड क्यों नहीं देते हैं? उनको भी पैसे की जरूरत होती है। बंगाल के चीफ मिनिस्टर हमारे खिलाफ बहुत पॉलिटिकल अग्रेशन करते हैं, लेकिन फिर भी मैं उनके अधिकार के लिए उनका समर्थन करता हूं। उनको जीएसटी दिया जाना चाहिए। जैसे प्राइम मिनिस्टर जी के लिए सीएसआर फंड की सुविधा मुहैया की जाती है तो उनके लिए भी कराई जानी चाहिए। बंगाल में भी पैसे की जरूरत है। पंजाब को भी दिया जाना चाहिए, सभी को दिया जाना चाहिए। जीएसटी एक Constitutional agreement है। वर्ष 2017 में आपने एक बिल पास कराया था। यह Statutory commitment है। आपको कांस्टिट्यूशन का ऑब्लिगेशन तो मानना ही पड़ेगा। हमारी यही मांग है। आप घुमा-फिराकर कहते हैं कि एक्ट्स ऑफ गॉड, हम जानते हैं कि इस परिस्थिति में पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। …(व्यवधान) It was a considered decision that the CSR should not be used to fund Government Schemes. A Government panel had previously advised against allowing CSR contribution to the PMNRF on the grounds that the double benefit of tax exemption would be a regressive incentive. मेरे बहुत सारे साथियों ने इस मुद्दे को उठाया है और मैं भी उठाना चाहता हूं। The PMCARES fund has received exemption from all provisions of the law meant to regulate foreign donation. Although it does not seem to meet the precondition of being a body established and owned by the Government whose accounts are audited by the C&AG. C&AG हमारा वह कांस्टिट्यूशन है, जिसे हम बहुत अहमियत देते हैं, क्योंकि हम उसकी अहमियत समझते हैं।
(1955/RPS/MMN)

सर, कल इंट्रोडक्शन के समय मैंने दो-तीन मुद्दे छोड़ दिए थे, आज की इस चर्चा के लिए वे भी बहुत अहम हैं। देखिए, the Bill provides certain relaxations on penalty and deadline related to tax compliance in the light of the pandemic in India. It also amends the Income Tax Act, 1961 to provide 100 per cent tax deduction for donation to the PM CARES Fund under Section 80G of the Income Tax Act relating to charity. सवाल इस पर आता है कि आपको पीएमकेयर्स फण्ड के लिए इतनी चिन्ता क्यों करनी पड़ रही है? क्या पीएम इतने चिन्तित हो रहे हैं? PM CARES Fund is a non-transparent fund. यह हमारा आपके खिलाफ इल्ज़ाम है। PM CARES Fund is a non-transparent fund. RTI applications seeking information about donation and donor have been rejected. That is why, we are raising various questions. You have given us the opportunity on a golden platter to ask as many questions as possible in regard to the PM CARES Fund.

आप 'विवाद से विश्वास' स्कीम लाए, फिर आपको क्या बोलने की जरूरत है, क्योंकि 'विवाद से विश्वास' स्कीम आप बाजार में लाए हैं, लेकिन इसका कोई फल जिस ढंग से आना चाहिए था, वह अभी तक नहीं आया है।

सर, मैं दो बातें इन लोगों को समझाने के लिए उठाना चाहता हूं। …(व्यवधान) ये कहते थे कि हमारे बहुत सारे चैरिटी ट्रस्ट्स थे, जो तरह-तरह से, सत्ता में रहने के लिए हमने अपनी पावर्स का बेजा इस्तेमाल किया, लेकिन मैं एक चिट्ठी पढ़कर सुनाना चाहता हूं। यह गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स, नई दिल्ली की चिट्ठी है। इसमें कॉरपोरेट मिनिस्ट्री की तरफ से लिखा गया है:

> "As you are kindly aware the Prime Minister of India has constituted the Prime Minister's Citizen Assistance and Relief in Emergency Situations Fund (PM CARES Fund) with the primary objective of dealing with any emergency situation such as the ones posed by COVID-19 pandemic and to provide relief to the affected. These challenges of gigantic proportion cannot be met without such one of us going beyond the call of duty."

इसलिए कहते हैं कि चन्दा दो, मतलब कॉरपोरेट मिनिस्ट्री सबसे चन्दा मांगती है। चन्दा मांगने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन जितना चन्दा आता है, वह कैसे इस्तेमाल होता है, यह पूछना क्या अन्याय होता है? हमारा सवाल यही है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, बोलिए।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): जब आप रिलीफ फण्ड का पैसा खर्च नहीं कर सकते तो दूसरा पीएमकेयर्स फण्ड क्यों बनाते हैं? यही हमारा सवाल है। इसलिए, सर, ये तरह-तरह के हमारे सवाल हैं। हम जीएसटी का हिस्सा मांगते हैं, कल आपने कहा था कि हमने डिवोल्यूशन कर दिया है, लेकिन डिवोल्यूशन फाइनेंस कमीशन की रिपोर्ट …(व्यवधान)

(इति)

1958 hours

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I would like to thank all the Members who have participated in the Taxation and Other Laws (Relaxation and Amendment of Certain Provisions) Bill which is brought in because we want to replace an Ordinance.

The Members have definitely spoken on the various aspects of the Bill which is being brought in to replace the Ordinance. I thank the 21 Members who have participated in this debate. I am not reading their names for want of time. But I would certainly want to just highlight very quickly the features of this Bill.

We had to come up with an Ordinance because it was COVID-19 time and the Ordinance was largely for extension of various time limits for compliance and deadlines which were on the people and all of which required deferral because कोविड के समय में फाइलिंग करना, टैक्स रिटर्न फाइल करना, जीएसटी रिटर्न फाइल करना – इन सब में चूंकि लॉकडाउन था, लोगों को दिक्कत हो सकती है, इसीलिए कानूनन जो तय हो रखी हैं, उन डेट्स को पोस्टपोन करने के लिए ऑर्डिनेंस की आवश्यकता थी और उस ऑर्डिनेंस को अभी रिप्लेस करने के लिए बिल की भी आवश्यकता है।

(2000/IND/VR)

It is because some dates are already part of the Act, कि फलां तारीख के अंदर इसे फाइल करना है, फलां तारीख के अंदर यह फार्म भरवाना है। ये सभी बातें कानून का अंग बन चुकी हैं, इसलिए इन्हें बदलने के लिए आर्डिनेंस के द्वारा, क्योंकि पैनडेमिक सिचुएशन थी, संसद सत्र के लिए इंतजार करना असंभव था और जनता को तुरंत राहत देनी आवश्यक थी, इसलिए आर्डिनेंस लाया गया। उस आर्डिनेंस में ज्यादातर ऐसे डेफरल के लिए, कम्प्लायेंस की डेट पोस्टपोनमेंट करने के लिए और जब समय पर टैक्स नहीं भरा जाता है, तब उसके ऊपर पेनल्टी लगती है। उस पेनल्टी को वेवर करने का अधिकार किसी अधिकारी का नहीं होता है। यदि कम्प्लायेंस की डेट पोस्टपोन नहीं होती है, तो उसके ऊपर पेनल्टी लगती है, इसलिए उसमें अमेंडमेंट करना भी आवश्यक होता है। चूंकि यह सब एक्ट का पार्ट है, इस चीज को बदलने के लिए आर्डिनेंस लाने की आवश्यकता पड़ी। ज्यादातर अमेंडमेंट क्लाज-2 में, क्लाज-3 में उस समय इसलिए किए गए ताकि पेनल्टी न देनी पड़े। पहले पेनल्टी न देने पर प्रोसीक्यूशन होता था। उस प्रोसीक्यूशन को रोकने के लिए, लेट पेमेंट के लिए भी दंडनीय आरोप लग सकते हैं। उसे डेफर करने के लिए भी आर्डिनेंस की जरूरत पड़ी। डायरेक्ट टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स के लिए जितना भी पोस्टपोनमेंट करना, पेनल्टी वगैरह पर जो असर पड़ता है, उसे स्थगित करने के लिए आर्डिनेंस लाने की आवश्यकता पड़ी। अब उस आर्डिनेंस को बिल के रूप में अर्लीएस्ट सैशन में लाया गया है।

सुबह कई माननीय सदस्य कह रहे थे कि आर्डिनेंस के अलावा भी आप इसमें कुछ जोड़ रही हो और चेयर से भी क्लीयरली फाइनल डायरेक्शन भी मिला कि इसमें कोई गलती नहीं है। सिर्फ आर्डिनेंस बिल के रूप में ही लाया जाना है और उसमें कुछ नई चीज नहीं जोड़नी है, ऐसा एक प्रश्न उठाया गया। उसके लिए चेयर से डायरेक्शन आया और उसमें कुछ गलत नहीं है कि आर्डिनेंस के अलावा अन्य विषय भी जोड़कर बिल लाया जा सकता है और ऐसे कुछ विषय जोड़कर बिल लाया गया है। बिल में आर्डिनेंस के अलावा जो भी नया विषय है, उसे क्यों जोड़ा गया और क्या नया है, उसके बारे में मैं संक्षेप में बोलना चाहती हूं। 'विवाद से विश्वास' आप लोगों को याद होगा, उसकी डेट पहले 31 मार्च थी और उसे बाद में जून तक आर्डिनेंस के द्वारा एक्सटेंड करवाया गया। अब उसे 31 दिसम्बर तक एक्सटेंड कर रहे हैं और उसके लिए अभी बिल के द्वारा we are also taking the power in case stakeholders want to extend it further क्योंकि पैनडेमिक अभी खत्म नहीं हुआ है, हम तो 'विवाद से विश्वास' के लिए डेट 31 दिसम्बर तक इस कानून के द्वारा एक्सटेंड करना चाहते हैं। यदि तब तक पैनडेमिन खत्म नहीं होता, दोबारा पार्लियामेंट के पास इस विषय को लेकर न आना पड़े, इसके लिए हम पावर ले रहे हैं कि अगर जरूरत पड़े तो डेट एक्सटेंड की जा सके। ऐसे ही डायरेक्ट टैक्सेज और इनडायरेक्ट टैक्सेज में डेट डेफरल कर रहे हैं, उनके कम्प्लायेंस में दिक्कत आ रही है और ऐसे ही कस्टम्स, सर्विस टैक्स और एक्साइज की भी डेट एक्सटेंड करनी थी। ऑल कम्प्लायेंस आर्डिनेंस के द्वारा 30 जून तक जो समय दिया गया था, अब उसे 30 सितम्बर तक एक्सटेंड करके छोड़ रहे हैं। वह बदलाव भी क्लाज-6 के अमेंडमेंट के द्वारा इस बिल में लाया जा रहा है। फिर सीजीएसटी एक्ट के ऊपर बहुत प्रश्न उठाए गए। Why do you need to change the CGST? आप इसमें क्या कर रहे हैं? इनडायरेक्ट टैक्स, जीएसटी रिलेटेड कम्प्लायेंसेज में भी जीएसटी काउंसिल की अनुमति लेकर उस कम्प्लायेंस डेट को पोस्टपोन करने का भी प्रोविजन जीएसटी काउंसिल द्वारा लेकर आ रहे हैं।

(2005/SAN/RAJ)

This is done on the recommendation of the GST Council. क्योंकि जीएसटी कॉंसिल ने उसे लागू करने के लिए हमें 20 तारीख से अनुमति दी थी, मगर लॉकडाउन एक्चुअली 24 तारीख से ही लागू हुआ, 24 तारीख को एनाउंसमेंट हुआ और यह 25 तारीख से लागू हुआ। हमें 20 तारीख को कॉंसिल से अनुमति प्राप्त हुई है, क्या उसको मान्यता नहीं दें? इसलिए हम उस लिमिटेड एक्सेटेंट तक रिट्रोस्पेक्टिव में उसको ले रहे हैं। काउंसिल से रिट्रोस्पेक्टिव एक्शन लेने के लिए सीजीएसटी कानून में इसलिए आवश्यकता पड़ी कि 23rd March was the first day and then, from 25th March, the lockdown started, but the notification came in April. So, to that limited extent, the Council said 'do it from 20th.' We are respecting only that much. मैं इतना स्पष्ट कर दूं कि इस प्रोविजन से कॉम्पेनसेशन पेमेंट पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। क्या आप रेट्रोस्पेक्टिव में गड़बड़ करेंगे? कुछ नहीं। So, this is only for the sake of those date deferrals which we need to do. इस बिल के अमेंडमेंट के क्लॉज-7 में सीजीएसटी एक्ट से संबंधित विषय है। क्लॉज-8 के ऊपर, जैसा कि मैंने पहले विवाद से विश्वास के

बारे में बोला है, वैसे ही सब के विश्वास के लिए जो चलाया था, दिसम्बर, 2019 तक उसकी डेड लाइन थी, हम ने उसको मार्च तक एक्सटेंड करवाया। अभी वह जून तक थी, हम वह बात इसमें डाल रहे हैं। So, we have to include it because it happened during the Session of the Parliament. इसके अलावा आखिर में हम तीन-चार स्टेप्स इन्वेस्टमेंट की दृष्टि से ला रहे हैं। माननीय सदस्य ने आईएफएससी, गिफ्ट सिटी पर भी कमेंट किया है। हम इस देश में गिफ्ट सिटी, एक फाइनैंशियल सर्विसेज ग्लोबल सेंटर बना रहे है, उसके लिए कुछ अमेंडमेंट्स ला रहे हैं। इससे इसका मतलब कुछ और नहीं है, मुझे जितना भी कानूनन मालूम है, वह ओरिजनल कानून में और स्वर्गीय माननीय अरुण जेटली जी ने इस सभा में जवाब देते हुए कहा था कि इस देश में इस कानून के द्वारा जब-जब आवश्यकता पड़ती है, तब-तब एक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सेंटर बना सकते हैं। It is not as if just one will be there. मगर जो वन अच्छा चल रही है, उसको पुष्टि देना है या नहीं देना है। हम किसी और का छीन कर कुछ नहीं कर रहे हैं। इसलिए उसको निगेटिवली लेने की आवश्यकता नहीं है, अगर मैं उतना बोल पाऊं। सिमीलरली, आपको याद होगा, लास्ट ईयर एक गलतफहमी, हां मैं यह भी मानती हूं कि टैक्सेशन अधिकारीगण का एक गलत इम्प्रेशन मानने को तैयार हूं। मगर उसमें एकाध लोग कुछ गलती किए होंगे, उसकी वजह से टैक्स टेररिज्म-टैक्स टेररिज्म की फीलिंग हुआ करती थी। प्रधान मंत्री जी ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए इसे फेसलेस बनाया, ताकि डायरैक्ट कॉन्टैक्ट नहीं रहेगा, उसमें एक इम्प्रेशन था कि पर्सनली मिलने में कुछ गड़बड़ी हो रही है। शायद एकाध गड़बड़ हुई है, मगर पूरे रेवन्यू सर्विस पर इतना बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाया गया, जो अनावश्यक था, क्योंकि जेन्विनली, सिनसेयर ऑफिशियल्स हैं और वे जान को खतरे में डाल कर काम कर रहे हैं।

सर, कल-परसों की घटना आपके संज्ञान में जरूर होगी, फिर भी मैं याद दिलाना चाहती हूं, इससे पहले एक और ऐसी घटना हुई है, जिसमें गोल्ड स्मगल करने वाले की गाड़ी का पीछा हुआ, उनकी गाड़ी को रुकवाया और उनकी गाड़ी से पांच किलोग्राम गोल्ड निकला। ऐसी एक घटना राजस्थान में हुई और दूसरी घटना केरल में हुई, जहां यह निकला। जब केरल में यह निकला तो उनको धक्का मार कर गाड़ी गिराई, customs officials and DRI officials had to go with multiple bone fractures to the hospital.

(2010/VB/RBN)

जान खतरे में डालकर काम करने वाले अधिकारीगण रेवेन्यू सर्विसेज में हैं। गलतफहमी की वजह से पूरे रेवेन्यू सर्विस को निगेटिवली प्रोजेक्ट किया जाता था। प्रधानमंत्री जी की एडवाइस पर हम टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए आज फेसलेस स्कीम के तहत 58 हजार टैक्स पेयर्स का पायलट टेस्ट करवाया गया। पायलट टेस्ट सक्सेसफुली होने के कारण प्रधानमंत्री जी ने उसे पूरे देश में लागू करने के लिए उद्घाटन किया। बाद में कोई और आकर उसे बदल न पाए, इसलिए कानून में ही ऐसा प्रावधान किया जा रहा है, जिससे ट्रांसपेरेंसी रहेगी। इस देश में टैक्स ट्रांसपेरेंसी रहना बहुत आवश्यक है, इसलिए उसको कानूनन लाया गया है।

टीडीएस और टीसीएस कलेक्शन इस समय हो पाएगा या नहीं हो पाएगा, मन में ऐसा शक था, इसलिए उसका रेट भी 25 परसेंट कम कर रहे हैं। जहाँ सौ रुपए टीसीएस और टीडीएस में पे करना था, उसको 100 से कम करते हुए 75 तक करवाया ताकि किसी को इस पैंडेमिक के समय दुख न हो, इसमें वह भी शामिल है।

एकाध सदस्य ने ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन के ऊपर बात की। जो नया सिस्टम 1 जून से लागू होना था, उसकी घोषणा 2019 के बजट में हुई। उसे अभी अगले साल तक पोस्टपोंड कर रहे हैं। यह सब कानूनन बोला गया, इसलिए अभी पैंडेमिक के संदर्भ में कानूनन बदलाव भी लाना है। इसमें अमेंडमेंट्स के रूप में इतना ही है।

एकाध विषय यह भी आया कि आप एआईआईबी के द्वारा क्यों फण्ड ले रहे हैं, वह चाइनीज है। सॉरी, यह गलतफहमी है। जैसे एडीबी है, जैसे वर्ल्ड बैंक है, मल्टिलैटेरल फण्डिंग इंस्टिट्यूशंस हैं, जिनमें हमारे सब्सक्रिप्शंस भी हैं। इसीलिए चाइनीज फण्ड कहना, सॉरी, यह गलतफहमी है, फंडामेंटली राँग है। उस गलतफहमी को मन से हटा दीजिए।

आखिर में, मैं जिस विषय पर आ रही हूँ, उसकी बहुत ही चर्चा हुई है। I want to say this one completely in English क्योंकि मेरे कुलीग माननीय अधीर रंजन चौधरी जी अपने अपोजिशन के स्थान से वे बोल सकते हैं हिमाचल का *… (Not recorded),* he is coming into the Parliament fourth time or fifth time. He may look young. He may have a mind of a young person. But he is a fairly experienced Parliamentarian. I am not saying this just because he is my colleague. Each one of us has reached this august House because of immense work and trial. We have put a lot of efforts to come here. Let us not do anything to undermine one another. We should answer each other's question. If you ask me a question, I should answer you. Similarly, if he asks you a question, you also will have to answer it. You call him '*balak*'. It does not matter whether you call him *… (Not recorded)* locally or 'balak' in a nice Sanskritised way. But he is still an hon. Member of Parliament and he is still my colleague, hon. Minister of State. इसलिए अंडरमाइन नहीं कीजिए।

This is the House which has seen eminent people. You have this wonderful picture of Mavlankar there. I thank God every day. Look at my fate. I sit in this House which has seen eminent people. I cannot even list out their names. We are all here because we have some strength. We have tried, we have worked, and we have earned it. You go about saying '*balak*' and *… (Not recorded)*! What is this Adhir Ranjan Chowdhury ji? प्लीज, मैं हाथ जोड़कर कहती हूँ क्योंकि जो अपोजिशन के लीडर हैं, you represent everybody on the other side of the aisle. …(*Interruptions*) You will talk. Let me conclude. You give me a lot of respect. I

want to pay that respect back to you. You have come there to be the Opposition Party leader of a very old Party of this country.

(2015/SM/PC)

I have heard Opposition telling us, "Oh, you should have a large heart. You should be able to take a lot of maturity." You were not even seen in some of the movements of the country. If you have come that far, Adhir Ranjan Ji, it is simply great. You have reached there. Look at the seat you are occupying. What an honour it is! From that position, please do not call anybody so, who has reached here purely because of his own efforts.

So, I would appeal to you to honourably tell the Chair to please withdraw that comment from the records. आपकी हिंदी की तरह ही मेरी हिंदी भी अच्छी नहीं है, फिर भी मैं बोल रही हूं। ...(व्यवधान) माननीय स्पीकर जी, अगर मैं गलत बोल रही हूं तो प्लीज़ क्षमा कीजिए। ...(व्यवधान) अधीर रंजन जी, आपको यह शोभा नहीं देता है। ...(व्यवधान) लीडर ऑफ दि अपोज़ीशन को एक मिनिस्टर को ...(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) कहना शोभा नहीं देता है। ...(व्यवधान) प्लीज़, आप भी उसे हटाने की अपील कीजिए।

Sir, with this, I want to say a few things in English about PM CARES Fund. I would have thought considering that Prime Minister's National Relief Fund has been so strongly supported by everybody there. The Leader of the Congress Party would have given answers to the hon. MoS's words, the questions that he asked. I would actually want you to give answer to those questions. Did the money go to various charity associations or was anybody given the money from there?

Are you asking for transparency? At least for the last 50 years, democracy in India was maturing. I would think democracy in India is in its DNA. From our earlier ancestors, we all have been democratic. Every one of our kings has shown democracy, whether you look at Nalanda, or you look at Kanchi or anywhere else in the South or anywhere else in the West. Democracy was practised in this country from very very ancient times. But in this form, in this Parliament's form, transparency is a virtue and I am glad that you are asking for it.

The Prime Minister, in 1948, thought it fit to appoint the President of the Congress Party as one of the Members of a trust, which, I guess, is an unregistered trust. Till today, you did not bother to ask for it to be registered. I do not understand the reason.

You should have actually asked, oh, we are running this trust; why did we not register it? Register it. No, there was not a single voice in that Party. It took 23 MPs to write a letter now after 50 years. Now, you did not ask for registration.

That is one point on which I wish to say to the Opposition benches that transparency, like charity, should start from home. Get your house in order; register your society. You did not do that. Does keeping only the Congress President permanently show transparency? Jan Sangh was there. …(व्यवधान) उनके अध्यक्ष को भी डाल देते, ट्रांसपेरेंसी चाहिए तो जनसंघ के वरिष्ठ नेता को उसमें डाल देते, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उसमें डाल देते। …(व्यवधान) कितने सारे वरिष्ठ सोशलिस्ट थे, राम मनोहर लोहिया जी को उसमें डाल देते। …(व्यवधान) ट्रांसपेरेंसी यह होती है। …(व्यवधान)

Congress Party, keeping just only the Congress President is not transparency …(*Interruptions*) One minute, Adhirji, I will patiently hear you. You have to answer us. If you are really keen on getting answers from us, I am giving you answers on every point comparatively.

He asked you some questions. Hon. Member who is my colleague, MoS, has been in this House long, long before even I came to this House. He has been here four times before me. So, do not take him lightly. He asked you questions. I would want you to answer that because that will give more power to your own questions, if you ask me.

(2020/AK/SPS)

